26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 5 मार्च, 2026

अंक- 130 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सीएम पद छोड़ेंगे नीतीश कुमार

## राज्यसभा सदस्य बनना चाहता हूं..



**पटना (एजेंसी/चिंगारी)।** जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार अब बिहार के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे,वह राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने खुद इसका ऐलान कर दिया है। दो दशकों से जिस बिहार में वह सियासत कर रहे थे, उसे उन्होंने अलविदा कर दिया है। अब वह दिल्ली जा रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर जो बयान दिया, उसने सारी अटकलों पर विराम लगा दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास एवं समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है तथा उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए पूर्व में भी मैंने आपके प्रति कई बार आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। मैं आपको पूरी ईमानदारी से विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपके साथ मेरा यह संबंध भविष्य में भी बना रहेगा एवं आपके साथ मिलकर एक विकसित बिहार बनाने का संकल्प पूर्ववत कायम रहेगा, जो नई सरकार बनेगी, उसको मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास एवं समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है तथा उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है।

### जदयू कार्यकर्ता बोले-

### हम नीतीश कुमार को दिल्ली नहीं जाने देंगे

इधर, सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के ऐलान से जदयू कार्यकर्ताओं में नाराजगी दिख रही है। जदयू कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सीएम नीतीश कुमार के चेहरे पर ही हम लोगों ने वोट दिया है। जनता और कार्यकर्ताओं की बात नीतीश कुमार को सुननी ही पड़ेगी। जनता पटना पहुंच रही है। हम लोग किसी भी कीमत पर उन्हें दिल्ली नहीं जाने देंगे। जनता ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया है, यह अन्याय है। बिहार नीतीश कुमार का परिवार है। वह बिहार की जनता को छोड़कर कैसे जा सकते हैं?

# हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत पर अमेरिकी हमला भारत के लिए खतरनाक!

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** हिंद महासागर में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका द्वारा ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने की घटना ने भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर नई चिंता खड़ी कर दी है। यह हमला श्रीलंका के दक्षिणी तट के पास अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुआ, जो श्रीलंका के खोज और बचाव क्षेत्र के दायरे में आता है। श्रीलंका की नौसेना ने पुष्टि की कि उसने डूबते जहाज से 32 ईरानी नाविकों को बचाया, जबकि बड़ी संख्या में चालक दल अब भी लापता हैं। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए श्रीलंका के सांसद नमल राजपक्षे ने कहा, यह श्रीलंका के लिए गंभीर चिंता का विषय है और हिंद महासागर के लिए भी, और मुझे यकीन है कि भारत के लिए भी चिंता की बात है। भारत के लिए यह घटना इसलिए भी अहम है, क्योंकि हिंद महासागर उसकी समुद्री सुरक्षा, व्यापारिक मार्गों और ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख रास्ता है। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा समुद्री मार्ग से आयात करता है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी सैन्य टकराव से समुद्री यातायात और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

### कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवार घोषित किये

कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने छह उम्मीदवार घोषित किये हैं, जिनमें वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी को तेलंगाना से फिर उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने श्री सिंघवी के अलावा छत्तीसगढ़ से श्रीमती फूलो देवी नेताम, हरियाणा से करमवीर सिंह बौद्ध, हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा, तमिलनाडु से एम. क्रिस्टोफर तिलक तथा तेलंगाना से वी नरेंद्र रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है।

**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



**सांवलिया सेठ**
(श्याम बाबा) के दर्शन करें।
**प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला**
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

**बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़**

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
**सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर**

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

**टीचर्स चाहिए**

T.G.T. हेतु Maths, Science तथा English
Nursery तथा PRT सभी विषय
English Speaking अनिवार्य। आकर्षक वेतन
किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक कार्यालय में सम्पर्क करें।
सेन्ट जौन्स स्कूल (C.B.S.E) नई बस्ती बी-14 बिजनौर
9837801885, 8979511642, 9927979617

# हर्षोल्लास से मनाया गया होली का त्यौहार, खूब हुई रंगों की बौछार

## बच्चे और युवा होली के गीतों पर नाचे-झूमे





बिजनौर के साहित्य विहार कॉलोनी में होली खेलतीं महिलाएं।

### गीले रंग का परम्परागत जुलूस उत्साहपूर्वक निकाला गया





नई बस्ती में होली खेलते भाटिया परिवार के बच्चे।

बिजनौर ( चिंगारी )। नगर में रंगों का पर्व दुल्हैंडी अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जमकर रंगों की बरसात हुई। रंग और अबीर गुलाल से वातावरण पूरी तरह सराबोर हो गया। परंपरागत गीले रंग का जुलूस निकाला गया। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था शानदार रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। शांतिप्रिय नागरिकों और जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।

इस बार दुल्हैंडी का पर्व होलिका दहन से एक दिन बाद मनाया गया। चंद्रग्रहण के कारण होलिका दहन व दुल्हैंडी के बीच एक दिन का गैप रहा। इस कारण रंगोत्सव का उत्साह व उल्लास कुछ कम नजर आया। वैसे भी पिछले कुछ वर्षों से लोग घर से बाहर जाकर होली खेलना कम पसंद करने लगे हैं। रमज़ान के कारण मुस्लिमों की भागीदारी भी कम रही। अन्यथा हर साल शहर के काफी मुस्लिम युवक भी होली पर रंग खेलते थे।

शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में हुलियारों ने जमकर मस्ती की। सुबह से ही लोग टोली बनाकर एक-दूसरे के घर पहुंचे और रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रंगों की बौछार और ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग झूमते नज़र आए।

युवाओं और बच्चों ने पिचकारी और रंगों के साथ जमकर होली खेली। जगह-जगह हुलियारों की टोलियां ढोल की थाप पर नाचते-गाते दिखाई दीं। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया।

दुल्हैंडी के अवसर पर गलियों व चौराहों पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। घरों में गुंजिया, मठरी और अन्य पकवान बनाए गए, जिन्हें एक-दूसरे को खिलाकर त्यौहार की खुशियां साझा कीं। गीले रंग का परम्परागत जुलूस निर्धारित मार्ग से निकाला गया। नगर पालिका चौक पर होली खेलने वालों की भारी भीड़ रही। नगर पालिका की ओर से हुलियारों का जोरदार स्वागत हुआ। चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने सभासदों व नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर सभी का स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। नगर की कॉलोनियों में विशेष उत्साह के साथ रंगों का पर्व मनाया गया। कुल मिलाकर दुल्हैंडी के पर्व पर पूरे क्षेत्र में रंगीन माहौल बना रहा तथा लोगों ने हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाया। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था सराहनीय रही।


# होली मिलने ससुराल जा रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत, पत्नी बाल-बाल बची

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। पत्नी के साथ बाइक द्वारा होली मिलने ससुराल जा रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी बाल-बाल बची। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला निवासी किशोरी सिंह के 45 वर्षीय पुत्र विजेंद्र सिंह सैनी दुल्हैंडी के दिन रंग खेलने के बाद अपनी पत्नी दुलारी देवी को साथ लेकर बाइक द्वारा ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम विजयरामपुर मंडैय्यो स्थित अपनी ससुराल में होली मिलने जा रहा था कि देवीपुरा में राइस मिल के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के एक ओर खड़े पेड़ से जा टकराई, जिसमें वीरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया व बाइक पर उसके पीछे बैठी उसकी पत्नी दुलारी देवी मामूली चोटिल हुई। सूचना पाकर वीरेंद्र सिंह के परिजन एवं उसके ससुराल वाले मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वीरेंद्र सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। कानूनी कार्यवाही किए बिना मृतक विजेंद्र सिंह के परिजनों ने आज प्रातः उसका अंतिम संस्कार कर दिया।




# यूएई में फंसे भारतीयों को सुरक्षित लेकर लौटे कैप्टन राहुल व कैप्टन आलोक




नई दिल्ली/बिजनौर (चिंगारी)। जब इरादे फौलादी हों और दिल में मानवता और देशभक्ति का जज्बा हो तो चुनौतियों पर विजय प्राप्त करना आसान हो जाता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया कैप्टन राहुल शर्मा व कैप्टन आलोक गर्ग ने। जी हां, देश में जब सब लोग होली का त्यौहार मना रहे थे, तब कैप्टन राहुल शर्मा व कैप्टन आलोक गर्ग यूएई में फंसे भारतीयों को स्पाइसजेट एयरलाइन की फ्लाइट से लेकर दिल्ली लौट रहे थे।

बता दें कि जब भी वॉर जैसी स्थिति होती है, तो ऐसे में स्पाइसजेट एयरलाइन आगे आ कर फंसे हुए भारतीयों को अपने देश में लाने में आगे रहती है। 3-4 मार्च को जब सब लोग होली मनाने में मस्त थे, तब 4 मार्च की सुबह 1.00 बजे कैप्टन राहुल शर्मा व कैप्टन आलोक गर्ग अपने चार क्रू मेंबर्स के साथ खाली जहाज लेकर यूएई के फुजैरह एयरपोर्ट पहुंचे और वहाँ से लगभग 180 भारतीयों को लेकर वापस दिल्ली 4 मार्च की सुबह लगभग 8.30 बजे पहुंचे। जहाज दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा तब यात्रियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सब भारत माता की जय और हैप्पी होली बोल रहे थे।

बता दें कि पहले भी ये खतरों के खिलाड़ी कैप्टन राहुल शर्मा बहुत रिस्क में यूक्रेन से भारतीय छात्रों को सुरक्षित भारत लेकर आये थे। कैप्टन राहुल शर्मा बिजनौर के प्रमुख समाजसेवी एवं धामपुर बायो आर्गेनिक शुगर मिल्स ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री संदीप शर्मा के पुत्र हैं। बिजनौरवासियों को दोनों पिता-पुत्र पर गर्व है ।

## राजकीय महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण पूरा करने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजेगी समिति



नजीबाबाद (चिंगारी)। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि पूर्व मे केन्द्रीय वित्त पोषित मल्टी सैक्टोरल योजना के अन्तर्गत नगरपालिका क्षेत्र मे राजकीय बालिका डिग्री कालेज मंजूर हुआ था, जिसका निर्माण कार्य अभी तक आधा अधूरा पड़ा है। भवन निर्माण में कभी बजट को लेकर तो कभी विभाग की उदासीनता से निर्माण कार्य प्रभावित रहा है। उन्होने इस संबंध मे संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की मांग की थी, जिसके परिपेक्ष्य में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बिजनौर में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद साजिद ने लिखित रूप से शनिवार को बिजनौर में जिला समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से आरटीआई कार्यकर्ता को अवगत कराया कि मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में जुलाई 2025 को सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय समिति के द्वारा उक्त परियोजना को वर्क डन वर्क टू बी डन के आधार पर प्रशासकीय विभाग को हस्तगत कराये जाने के निर्देश दिये गये है, तथा उक्त आगणन हेतु आदेश संख्या 541 के द्वारा 3 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उक्त आगणन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही हेतु शासन को प्रेषित कर दिया जायेगा।

## शिया समाज के लोगों ने इजरायल की घोर निंदा की

नजीबाबाद (चिंगारी)। भनेड़ा सादात के शिया सम्प्रदाय के काफी संख्या में लोग इमामबाड़ा में एकत्र हुए। शिया समाज के लोगों ने धर्मगुरू आयातुल्ला अली खामेनेई की निर्मम हत्या के विरोध में ग्रामवासियों ने देश के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम व सीओ नजीबाबाद को सौंपा। शिया समुदाय के लोगों ने इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन कर घोर निंदा की। इस मौके पर थाना प्रभारी किरतपुर मौजूद रहे। उन्होंने भारत सरकार से ईरान की मदद की मांग की। ज्ञापन देने वालों में शिया समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बेटे के रोजा रखने पर कराई इफ्तार



नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला दरूदग्रान निवासी रेडिमेड व्यापारी शब्बू ने अपने 10 वर्षीय बेटे मुदस्सिर के जिंदगी का पहला रोजा रखने पर सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया। मेहमानों ने रोजा रखने पर मुदस्सिर को दुआओं से नवाजा। सामूहिक रोजा इफ्तार में डॉ. जिशान, बिट्टू, मोनू टाटा, अजमल खान, आबिद अली, सलीम खान, नसीम खान, शमीम मुन्नी, शेर अली सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407





भली लगे
या बुरी ...

## किधर जा रहे हम?

बड़ा दुख होता है देखकर कि गांधी और गौतम के देश में कुछ लोग नफरत की राह पर चल पड़े हैं। भूल गये हैं कि वे जिस मार्ग पर जा रहे हैं, वो गांधी का मार्ग नहीं है। न ही गौतम का मार्ग है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने भी हमें यह मार्ग नहीं दिखाया, और न ही नानक ने हमें इस दिशा में प्रेरित किया। पैगम्बर मोहम्मद साहब ने कहा सबसे प्रेम करो। ईसा मसीह ने मानवता को सर्वोपरि बताया। इन महापुरुषों ने हमें सत्य, अहिंसा और प्रेम के मार्ग पर चलने की सीख दी। अपने पड़ोसी और पीड़ितों की मदद करने का संदेश दिया। इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म बताया। भारत की संस्कृति भी वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे संतु निरामया की है। फिर लोगों में नफरत क्यों बढ़ रही है। क्यों धर्म के नाम पर अधर्म हो रहा है। बापू ने कहा था- पाप से घृणा करो, पापी से नहीं, लेकिन कुछ लोग धर्म और मज़हब के नाम पर इंसान से घृणा करने लगे हैं। बुद्ध ने कहा-अप्प दीपो भव: यानि अपना दीपक स्वयं बनो। मगर हमने अपने चारों तरफ अज्ञानता व संकीर्णता का अंधेरा कर लिया। प्रभु श्रीराम ने शबरी के जूठे बेर खाये, केवट और अहिल्या का उद्धार किया, मगर विडम्बना देखिये जाति व धर्म के आधार पर दूसरों से नफरत करने वाले खुद को रामभक्त बताने वाले हैं, और इस्लाम के मानने वाले कुछ लोग तास्सुब में अंधे हुये जा रहे हैं। नानक ने कहा- अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजा कौन भले कौन मंदे। मगर खुद को सिख बताने वाले कुछ सिरफिरे दुनियाभर में आतंक फैला रहे हैं। ईसा मसीह सच्चाई के लिये खुद सूली पर चढ़ गये, लेकिन आज लोग सच व इंसाफ को ही सूली चढ़ाने पर आमादा हैं। ऐसा तो नहीं था यह देश। हमने तो हमेशा दुनिया को प्रेम और इंसानियत का संदेश दिया। हिन्दुस्तान को गंगा-जमुनी तहजीब का सबसे बड़ा मरकज कहा गया, मगर कुछ सिरफिरे लोग देश की सुनहरी पहचान को ही मिटाने पर आमादा हैं। फिर भी एक अच्छी बात ये है कि आम लोग अब इस तरह की बातों से न सिर्फ आजिज आ गये हैं, बल्कि नफ़रत का जवाब मुहब्बत से देने लगे हैं। यानि ज्ञान और इंसानियत के रोशनदान अभी पूरी तरह बंद नहीं हुए।

# प्लीज़ न डरें न ही डरायें, देश में तेल बहुत है, लाइन न लगायें!

सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत के पास अभी 25 दिन का क्रूड ऑयल यानी कच्चा तेल और 25 दिन का पेट्रोल-डीजल स्टॉक है। मतलब आज से अगर भारत एक बैरल भी तेल आयात नहीं करे, तब भी हमारे पास कुल 50 दिन की आवश्यकता का कोटा आम जनता के लिए मौजूद है। इसमें अगर सामरिक, सरकारी और दूसरे रिज़र्व कोटे को भी जोड़ लिया जाए तो तेल मंत्री के अनुसार यह 74 दिन तक आराम से चल सकता है। माना जाता है कि तब तक ईरान युद्ध का कोई न कोई समाधान अवश्य हो जाएगा।




ऐसा भी नहीं है कि हमारी सरकार इस रिज़र्व कोटे के पूरी तरह खत्म होने का इंतज़ार करेगी, बल्कि उससे पहले ही कोटे को बढ़ाने के लिए शासन के स्तर पर उच्च स्तरीय बैठक विचार-विमर्श और लाइन ऑफ एक्शन शुरू हो चुका है। यह सही है कि हमारे वर्तमान तेल कोटे में रणनीतिक भंडार अभी भी शामिल नहीं है, जो इसे और बढ़ाते हैं। हार्मुज जलडमरू मध्य मार्ग अगर ईरान पूरी तरह बंद भी कर रहा है, जिससे होकर दुनिया का 25 से 30 प्रतिशत तेल विभिन्न देशों को सप्लाई होता है, तो भी युद्ध के तनाव के बीच वैकल्पिक आयात हो ही रहे हैं। कहने का मतलब यह है कि तत्काल तेल की कोई कमी तो बिल्कुल भी नहीं है। लिहाज़ा किसी भी अफ़वाह, फेंक न्यूज या सोशल मीडिया की एआई डीप फेक जैसी फर्जी व झूठी ख़बरों से घबराने की जरूरत नहीं। एक बात और याद रखें, हमारी सरकार के पास 723.61 बिलियन डॉलर से अधिक फॉरेन रिज़र्व यानी विदेशी मुद्रा है, जिससे वो जब चाहे जितना चाहे और जिस देश से चाहे पर्याप्त मात्रा में डीज़ल और पेट्रोल, सीएनजी, पीएनजी, रसोई गैस सब ज़रूरी चीजें किसी न किसी चैनल से खरीद सकती है। इतना ज़रूर हो सकता है कि जंग के इस माहौल में सरकार को ये तेल या गैस कुछ अधिक दाम में खरीदनी पड़े, लेकिन इस बढ़े हुए दाम का बोझ सरकार जनता पर न डालकर खुद इसको वहन कर सब्सिडी देती रही है, अब संकट के समय भी वह यही रास्ता अपना सकती है।



एक बात ज़रूर याद रखें यह सब बातें जानने के बावजूद अगर आप बिना किसी ठोस कारण के डरकर या अफ़वाहों का शिकार होकर ज़रूरत से अधिक तेल या गैस की मात्रा खरीदते हैं, यानी स्टॉक करते हैं तो इससे आप दूसरों के हिस्से का सामान घर में गैर कानूनी तौर पर जमाखोरी करके खुद संकट पैदा करने के जिम्मेदार होंगे, शासन-प्रशासन नहीं। ऐसे में मुनाफ़ाखोरी के लिए अवैध जमाखोरी की जानकारी मिलने पर पुलिस आपके ख़िलाफ़ आवश्यक वस्तु आपूर्ति अधिनियम की धाराओं के अनुरूप लीगल एक्शन भी ले सकती है। आपको यह भी पता होना चाहिए हमारे देश के रिश्ते अमेरिका और यूरोप से इतने गहरे और अच्छे हैं कि तेल की ज़रूरत पूरी करने में वे भी हमारी सहायता करेंगे, इसलिए एक जिम्मेदार, समझदार और देशभक्त नागरिक होने का परिचय देते हुए संकट के इस समय में समाजहित, जनहित और देशहित में न तो खुद अकारण डरें और न ही अफ़वाहों में आकर अनावश्यक जमाखोरी कर दूसरों के लिये समस्या पैदा करके उनको डराएं। यही एक राष्ट्रवादी नागरिक की सही पहचान होती है।

( हिन्दुस्तानी )

## भारत के लिए अवसरों के द्वार खुले हैं, गुणवत्ता को अपना महामंत्र बनायें विनिर्माता- मोदी

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत को गुणवत्ता अपना महामंत्र बनाने का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि दुनिया को आज के दौर में विनिर्माण के कामों के लिए मजबूत भागीदारों की तलाश है और यह भारत के लिए बड़ा अवसर है। श्री मोदी ने कहा कि विभिन्न देशों के साथ हाल में किये गये मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से भी भारत के उद्यमियों और निर्यातकों के लिए अवसरों के बहुत बड़ा द्वारा खुला है।



उन्होंने कहा कि इसका फायदा गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को प्रस्तुत करके ही उठाया जा सकता है। श्री मोदी बजट 2026-27 पर आयोजित दूसरे वेबिनार का उद्घाटन कर रहे थे। दिन भर चलने वाले इस वेबिनार का विषय है- आर्थिक वृद्धि को निरंतर संभालना और सशक्त करना विषय के साथ चार अलग-अलग सत्र होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के उद्योगों को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए बड़े आत्मविश्वास के साथ कदम उठाने होंगे। नयी प्रौद्योगिकी अपनानी होगी। अनुसंधान पर कंजूसी करने की बजाय निवेश बढ़ाना होगा। गुणवत्ता (क्वालटी) सुधारनी होगी। उन्होंने कहा, भारत ने बहुत सारे देशों के साथ एफटीए किये हैं। हमारे लिए अवसरों का बहुत बड़ा द्वार खुला है।

## बाथरूम में नहाने गई विवाहिता की गैस गीजर के कारण मौत?



### मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया

नांगल सोती (चिंगारी)। कल शाम नहाने गई विवाहिता की बाथरूम में मृत्यु हो गई। ससुरालियों का कहना है कि विवाहिता की मृत्यु गीजर से उत्पन्न गैस के कारण दम घुटने से हुई है, जबकि मायके वालों ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया।

नांगल सोती के मुहल्ला जोशियान की निवासी आकांक्षा ( 24 वर्ष ) पत्नी मनीष जोशी कल शाम के समय दुमंजिले मकान में स्थित बाथरूम में नहाने के लिये गयी थी। परिजनों के मुताबिक जब वह काफी समय तक नहाकर नीचे नहीं आयी, तो मनीष उसे देखने ऊपर गया। आवाज लगाने पर भी जब कोई उत्तर नहीं मिला, तो मनीष ने किसी तरह बाथरूम का दरवाजा खोला। अंदर आकांक्षा बेहोश पड़ी हुई थी। परिजन उसे तुरंत मंडावली क्षेत्र में स्थित निजी हॉस्पिटल में लेकर गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतका के मायके वालों को घटना की सूचना मिली, तो उन्होंने आकांक्षा की मृत्यु को संदिग्ध मानते हुए पुलिस से शिकायत कर दी। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर बाथरूम का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारम्भिक जांच में गीजर की गैस के रिसाव के कारण मृत्यु होना प्रतीत हुआ है। मायके वालों की शिकायत पर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतका के शरीर पर कोई ज़ाहिरा चोट का निशान नहीं है। मायके वालों ने दहेज प्रताड़ना की तहरीर सौंपी है।

# नजीबाबाद में उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया होली का त्यौहार

## हुलियारों ने रंगों में सराबोर होकर खेली होली

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर क्षेत्र में होली का त्यौहार उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। दुल्हैंडी के दिन हुलियारों ने जमकर रंग व गुलाल खेला। नगर के चैक बाजार में युवाओं ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। बुंदकी मार्ग पर स्थित कमल वाटिका कॉलोनी में होली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यकम में कॉलोनी के सभी परिवारों ने एक-दूसरे को गले लगाकर व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने भी पूर्ण उमंग व उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। बच्चों ने भी खुल कर अबीर गुलाल व रंग बरसाकर होली को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में मंगलेश शर्मा व अश्वनी सरीन के दिशा निर्देशों के साथ कवि कपिल जैन के संचालन तथा अमित शर्मा के देखरेख में सम्पन्न हुआ। कपिल जैन ने कहा कि होली का पर्व न केवल रंगों का त्यौहार है अपितु यह हमारी संस्कृति को बल प्रदान करने वाला एक त्यौहार है। मंगलेश शर्मा ने कहा कि ने होली का त्यौहार हमारी संस्कृति को बल प्रदान कार्य है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि ये



चैक बाजार व कमल वाटिका में रंगों से सरोबोर होकर होली मनाते लोग।

त्यौहार हमारी धरोहर हैं तथा विश्वास व आस्था के प्रतीक हैं। स्तेंद्र सचान ने कहा कि होली सभी लोगों के लिए मंगलमय व शुभ हो ईश्वर सभी लोगों को स्वस्थ रखें। नीरज वर्मा ने कहा कि यह त्यौहार हमारी परंपरा को मजबूती प्रदान करते हैं। अश्वनी सरीन ने कहा कि यह त्यौहार हमारे परिवार को हमारी संस्कृति से जोड़कर रखता है। सोहित वर्मा ने बताया कि बच्चों के लिए त्यौहार बहुत अधिक उल्लास व हर्ष का त्यौहार है व उत्साह के साथ मनाते हैं। अमित शर्मा ने कहा कि होली के त्योहार पर सभी लोग जब मिलकर बैठते हैं तो हमारी आपसी समझ व विश्वास बढ़ता है। इसके अतिरिक्त जितेंद्र सिंह, सोहित वर्मा, नीरज वर्मा, रतींद्र सचान, गेंदा लाल, सुमित विश्नोई, रेयांश जैन, आरुष जैन, अर्णव शर्मा, अक्षत वर्मा तथा महिलाओं में मालिनी सरीन, रिंकी सिंह, प्रीति जैन, रचना वर्मा, प्रीति वर्मा, बबीता शर्मा, स्मृता सचान, मुनेश देवी, मीनाक्षी शर्मा, श्रीमती गेंदा सिंह, आराध्या वर्मा, सहाना सचान, नंदिनी शर्मा उपस्थित रहे।

## दुल्हैंडी के दिन कार की टक्कर से शिक्षक की मौत से मचा कोहराम



### गुस्साए लोगों ने मार्ग पर शव रखकर लगाया जाम

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के बुंदकी मार्ग पर दुल्हैंडी के दिन दोपहर को एक कार द्वारा स्कूटी में टक्कर मारने से शिक्षक की मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों व क्षेत्र के लोगों ने मार्ग पर शव रखकर कई घंटे तक जाम लगाया। नगर की सत्यविहार कालोनी निवासी कोटद्वार शिक्षा विभाग में टीचर के पद पर तैनात नेत्रपाल पुत्र चंद्रपाल सिंह दुल्हैंडी के दिन दोपहर को करीब डेढ़ बजे किसी कार्य से अपने घर से स्कूटी से जा रहे थे। कुसुम विहार से थोड़ा पहले हुण्डई कार संख्या यूपी 32सीआर-8995 ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना से गुस्साए परिजनों व क्षेत्र के लोगों ने शिक्षक का शव मार्ग पर कई घंटे रखकर कार चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जाम लगाया। इस घटना से शिक्षक के परिवार में होली के त्यौहार की खुशियां गम में बदल गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राहुल कुमार, सीओ नितेश प्रताप सिंह, एसडीएम शैलेंद्र कुमार व एसपी सिटी ने मौके पर पहुंचकर जाम लगा रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत कर जाम खुलवाया। पुलिस ने बाद में कार को मार्ग पर एक स्थान से कब्जे में ले लिया। जबकि आरोपी कार चालक की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने मृतक के भाई करनपाल सिंह की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नेपाल में जेन जेड आंदोलन के छह महीने बाद आज हो रहा है संसदीय चुनाव के लिए मतदान

काठमांडू (वार्ता)। पड़ोसी मुल्क नेपाल में जेन जेड आंदोलन के छह महीने बाद गुरुवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। नेपाल में संघीय संसद के नीचले सदन 275 सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे (भारतीय समय के मुताबिक 6:45 बजे) शुरू हुई और मतदाता शाम पांच बजे (भारतीय समय के मुताबिक 4:45 बजे) तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के समन्वयक पुष्प कमल दहल प्रचंड ने भरतपुर महानगर में चितवन के शांतिपुर के वार्ड नंबर 14 में स्थित नेपाल पुलिस स्कूल में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

## सूचना

मैंने अपना नाम SHIVANI AGGRAWAL से बदलकर SHIVANI AGARWAL रख लिया है। अब मुझे SHIVANI AGARWAL के नाम से ही जाना-पहचाना जाये। - **शिवानी अग्रवाल पत्नी श्री विजयंत राज अग्रवाल, निवासी मोहल्ला कुंवर बाल गोविंद बिजनौर।**



# आकर्षक झांकियों के साथ निकला आदर्श होली हवन समिति का जुलूस

**धामपुर (चिंगारी)।** आदर्श होली हवन समिति की ओर से 76वें वार्षिक होलिकोत्सव के अन्तर्गत भव्य जुलूस आकर्षक झांकियों के साथ निकाला गया। मोहल्ला गुजरातियान होली चौक से जुलूस का शुभारंभ समाजसेवी पंडित शरद चंद शर्मा, डायरेक्टर स्वस्तिक गार्डन, भारत मोटर्स के स्वामी डॉक्टर शलभ अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, समाजसेवी सुधीर अग्रवाल सर्राफ, डॉ. निश्चल पाल आदि ने संयुक्त रूप से नारियल भंजन करके किया। शोभायात्रा में श्री राधाकृष्ण का नृत्य, नाग-नागिन का नृत्य,अघोरी बाबा, श्री राम दरबार, बजरंगबली, मां काली का अखाड़ा, शिवतांडव गणपति की झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। जुलूस में शामिल अखाड़े में युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। जुलूस श्री राधा कृष्ण मंदिर, खारी कुआं, भगत सिंह चौक, फल चौक, मोबाइल मार्केट, स्टेशन मार्ग होता हुआ श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में आदर्श होली हवन समिति के अध्यक्ष डीके भटनागर, संजय शर्मा बिल्लू अंकित सैनी, सौरभ मालपानी, विभूतिकांत शर्मा, भूपेंद्र सैनी, सनी छाबड़ा, गौरव पोसवाल, होशराम सैनी, नीरज रस्तोगी आदि शामिल रहे।



होली की संध्या पर निकाले गए जुलूस का शुभारंभ करते हुए अतिथि।





सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
पंद्रहवां रोजा : गुरुवार 05 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:22, शिया 6:32
सोलहवां रोज़ा : शुक्रवार , 06 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:13 शिया 5:06


# रंग से भरी थैली से बचने के प्रयास में युवक करंट लगने से घायल

**धामपुर (चिंगारी)।** होली पर्व के दौरान पॉलिथीन की थैली में रंग भरकर घर की छत से सड़क पर जा रहे एक युवक को बचने का प्रयास उस समय महंगा साबित हुआ, जब उससे बचने के लिए युवक का हाथ पास में खड़े हुए खंभे पर रखा गया, जिससे उसमें आ रहे करंट की चपेट में आकर वह घायल हो गया। आस पड़ोस के लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, तो उन्होंने उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला बाड़वान निवासी प्रवीण शर्मा कल दोपहर स्टेट बैंक कॉलोनी से गुजर रहे थे तो किसी ने उनके ऊपर रंग से भरी पॉलिथीन की थैली फेंककर मारी, जिससे बचने का प्रयास करने के दौरान उनका हाथ पास में खड़े खंभे पर जा लगा, जिससे खंभे में आ रहे बिजली के करंट से वह घायल हो गए। पड़ोस के लोगों ने उन्हें तुरंत उठाकर परिजनों को सूचित किया जिस पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। इसके बाद विद्युत विभाग ने विद्युत आपूर्ति बंद कर दी और बिजली के करंट को ठीक किया। उपचार के बाद प्रवीण शर्मा का स्वास्थ्य अब बेहतर हैं।

# धामपुर में रंग, उमंग और हर्षोल्लास के साथ निकला गीले रंग की गाड़ियों का जुलूस

## मस्जिदों को ढक दिया गया था पन्नियों से

**धामपुर (चिंगसा)।** फाल्गुन के मदमस्त महीने में निकल रही चटक धूप के बीच कल उमंग और उल्लास पूर्ण वातावरण में दोपहर 2 बजे खारी कुआं स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर से जब लगभग डेढ़ दर्जन गीले रंग की गाड़ियों में लंबी-लंबी पिचकरिया लेकर ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होली के हुलियारे निकले तो नगर का वातावरण रंगों की बौछार से इंद्रधनुषी रंगों से सराबोर हो गया। इस दौरान जगह-जगह बज रहे डीजे के गानों पर होली के हुलियारे मदमस्त होकर नृत्य कर रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली में सवार हुलियारे लंबी-लंबी पिचकारियों से मकान की छत और सड़क की दोनों साइड में खड़े हुए महिलाओं और पुरुषों को गीले रंग से सराबोर कर रहे थे। इस दौरान खारी कुआं, भगत सिंह चौक और फल चौक पर बज रहे डीजे पर होली के तरानों के बीच युवकों के पैर थिरक रहे थे। होली पर्व के दौरान अंगूरी के नशे में टल्ली युवकों को मौसम का मिजाज और रंग के फुहारे का अंदाज भा रहा था। गीले रंग के जुलूस को संचालित करने में सुभाष जैन, संजीव जैन, सुशील महेश्वरी, राजीव गुप्ता, पंकज जैन, मदन सिंह सैनी, प्रशांत चंद्रा, पवन अग्रवाल एडवोकेट, अमरीश सिंघल, राजीव अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल सभासद सुमित माहेश्वरी, प्रभात गुप्ता जान्टी आदि का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस प्रशासन ने इस दौरान मार्ग में पडने वाली मस्जिदों को काली पन्नी से ढकवा दिया था। शाम 6 बजे गीले रंग की गाड़ियों का जुलूस समाप्त होने के पश्चात पुलिस प्रशासन ने होली महोत्सव शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने पर राहत की सांस ली।



नगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक से गुजरती हुई गीले रंग की गाड़ियां।





सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पंद्रहवां रोजा : गुरुवार 05 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:22, शिया 6:32
सोलहवां रोज़ा : शुक्रवार , 06 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:13 शिया 5:06


# महामूर्ख सम्मेलन में डॉ. इन्द्रदेव चुने गये महामूर्खाधीराज

## सब्जियों की माला डालकर, सिर पर सजाया टोपे का ताज

**धामपुर (चिंगारी)।** वैशाख नंदन विश्वविद्यालय के 31वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के अंतर्गत महा मूर्ख सम्मेलन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह को महा मूर्खाधिराज तथा डॉ. आदित्य अग्रवाल, अजय पाल शर्मा, विजय जैन, डॉक्टर जितेंद्र कौशिक, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन तथा हरिकांत शर्मा को विभिन्न प्रकार की मुर्खताओं के लिए उपाधियों से विभूषित करते हुए रंग-बिरंगे टोपे और सब्जियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त धामपुर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में राजकुमार वर्मा, राजन, नरेंद्र जीत, अनाम, अजय पाल शर्मा, डॉक्टर अनिल शर्मा अनिल, नरेश वर्मा, राम सिंह सैनी सुमन, राजकुमार सिंह, विभूतिकांत शर्मा आदि ने देश के वर्तमान हालात तथा होली पर्व से संबंधित रचनाएं प्रस्तुत की। वैशाख नंदन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन ने पिछले तीन दशक से चली आ रही परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते रहने का आव्हान किया। संचालन विश्वविद्यालय के कुलसचिव हरिकांत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित नागरिकों ने अपनी सहभागिता की।



मंचासीन अतिथि।

# पेश इमाम ने की रमज़ान माह में सदक़ा-ए-फ़ितर अदा करने की अपील

**मण्डावर ( चिंगारी )**। मंडावर की शाही जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मौ मुदस्सिर कासमी ने सभी मुस्लिमो से रमज़ान के पाक महीने में सदका ए फितर अदा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बड़ी बरकतों का है अल्लाह रहमतों के दरवाजे खोल देता है। घर घर बड़ी खुशियों के साथ दस्तरखान भी सजाता हैं। इस बड़े बरकतों के महीने में हर मुस्लिम को रोजा रखना फर्ज है । वही मुफ्ती मुदस्सिर ने प्रेस को दिए बयान में कहा कि रमज़ान उल मुबारक के मौके पर सदका फितरे को वाजिब करार दे दिया है, ताकि ईद के मौके पर गरीब व मिस्कीन खुशी मना सके, इसलिए हर मालदार शख्स अपने व अपनी बालिग व नाबालिग औलाद की तरफ से सदका ए फितर ईद से पहले ज़रूर अदा कर दें, ताकि गरीब व मिस्कीन भी अपनी ज़रूरियात का सामान खरीद कर खुशी में शामिल हो सके। मुफ्ती मुदस्सिर ने बताया कि इस मरतबा सदका ए फितर की कीमत प्रति सदस्य लगभग 60 रुपये या लगभग पौने दो किलो गेहूं तय की गई है।


मुफ्ती मौ. मुदस्सिर

## आपसी संघर्ष में गुलदार की मौत?

**शेरकोट ( चिंगारी )**। आज सुबह क्षेत्र के ग्राम भनोटी के पास खेत में मादा गुलदार के घायल अवस्था में पड़े मिलने से हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद गुलदार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार के शव को अपने साथ वन रेंज कार्यालय धामपुर ले गई। ग्राम प्रधान हेमराज सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह गांव के कुछ लोगों अपने खेतों पर जा रहे थे,इस दौरान उन्हें गांव के बाहर स्थित मौ सुलेमान के खेत में एक गुलदार घायल अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। गुलदार को देखकर लोग भयभीत हो गए। हिम्मत कर कुछ युवक गुलदार के पास पहुंचे और उसे खींचकर खेत से सड़क पर ले आए। इस बात का पता लगते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। कुछ देर बाद गुलदार ने दम तोड़ दिया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि गुलदार मादा थी और इसकी उम्र दो से तीन वर्ष थी। उन्होंने बताया गुलदार के शरीर पर खरोंच के निशान देखकर मामला आपसी संघर्ष या जंगली सूअरों से संघर्ष का लग रहा है। उन्होंने बताया पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारण का पता लग पाएगा। मामले की जांच की जा रही है।



सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद

**विवेक सेन**
सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

**पन्द्रहवां रोजा : बृस्पतिवार 05 मार्च**
इफ्तार सुन्नी 6:22, शिया 6:32
**सोलहवां रोज़ा : शुक्रवार, 06 मार्च**
सहरी- सुन्नी 5:13 शिया 5:06


## करें नोट, कल तक ही बन सकेंगे नये वोट

**बिजनौर ( चिंगारी )**। नगर पालिका परिषद बिजनौर के सभासद राजवीर सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वार्डवासियों को सूचित किया है कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के बाद नये वोट बनवाने के लिये अब आज व कल केवल दो दिन बचे हैं। 6 मार्च के बाद कोई नया वोट नहीं बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर 2026 तक जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और नया वोट बनवाना है तो आज ही अपने बीएलओ से सम्पर्क करें।

## विधायक अशोक राणा ने धामपुर में आम लोगों के साथ खेली होली

**धामपुर ( चिंगारी )**। धामपुर के ऐतिहासिक छः दिवसीय होली महोत्सव के दौरान कल बुधवार को निकले होली हवन जुलूस के दौरान धामपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक अशोक कुमार राणा ने जुलूस में शामिल लोगों से गले मिलकर उन्हें होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान लोगों ने उनको अबीर और गुलाल लगाकर रंगों से सराबोर कर दिया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र धनोरिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल,भूपेंद्र सैनी, कुलमाणी सिंह, रुचिन अग्रवाल, राघव शरण गोयल आदि भी शामिल रहे।



## कूड़े का विवाद बना खूनी संघर्ष, एक गम्भीर घायल

**रायपुर सादात ( चिंगारी )**। थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम हैज़रपुर में कूड़ा डालने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार पुत्र हरिराज ने सुमित कुमार के परिवार से कहा कि कूड़ा उनकी तरफ न डाला जाए। आरोप है कि इसके बाद सुमित कुमार की मां ने कूड़ा अशोक कुमार की तरफ कर दिया, जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर सुमित कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ने अशोक कुमार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अशोक कुमार के सिर में गंभीर चोट आई और सिर फट गया। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। घायल अशोक कुमार को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई थी और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## क्रिसेंट स्कूल को सीबीएसई से मिली सीनियर सेकेंडरी की मान्यता

**चांदपुर ( चिंगारी )**। मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित तथा बास्टा रोड चांदपुर स्थित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्तर की मान्यता प्रदान कर दी गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नदीम बख्त ने बताया कि यह स्टाफ की सामूहिक मेहनत, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सदस्य ने उसे सौंपी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा और समयबद्धता के साथ निर्वहन किया, जिसके फलस्वरूप आज विद्यालय सीनियर सेकेंडरी के रूप में स्थापित हो सका है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में इसी माह से नर्सरी से कक्षा 9 तक तथा कक्षा 11 में मानविकी एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश प्रारंभ किए जा रहे हैं।यह उपलब्धि केवल विद्यालय परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे चांदपुर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। पहले विद्यालय सेकेंडरी तक की शिक्षा प्रदान करता था लेकिन अब विद्यालय में सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं तक की शिक्षा प्रदान की जाएगी। मुस्लिम फंड संस्था तथा विद्यालय के अध्यक्ष मोहम्मद साइम राजा, संस्था के सेक्रेटरी तथा विद्यालय के प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन एवं उप-प्रबंधक मोहम्मद मरगूब ने समस्त क्रिसेंट स्टाफ को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुबारकबाद दी है।


श्री नदीम बख्त

## श्री आदर्श होली हवन समिति ने निकाला विशाल रंग का जुलूस

**नहटौर ( चिंगारी )। श्री आदर्श होली हवन समिति के तत्वावधान में एक विशाल रंग जुलूस निकाला गया। जिसमें हुलियारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगरवासियों को रंग से सराबोर कर दिया।**

बुधवार दोपहर करीब एक बजे पुरानी सब्जी मंडी से दुलहैंडी रंग जुलूस का शुभारंभ हुआ। दुल्हन के रंग जुलूस का शुभारंभ समाज से भी अजय कुमार शर्मा ने फीता काटकर किया। जुलूस के दौरान गलियां और सड़कें रंगों से सराबोर हो गईं। जुलूस में शामिल युवा डीजे की धुन पर थिरकते रहे। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहा, ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। पूरे शहर में चारों ओर रंग और गुलाल की चादर सी बिछी नजर आई और युवाओं की टोली मस्ती में चूर होकर होली का आनंद लेर आई। जुलूस नगर के विभिन्न मोहल्लों से होता हुआ स्थानीय थाने पहुंचा, जहां परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया गया। पूरे नगर की सड़कें और गलियां गुलाल के रंगों से अटी नजर आईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदर्श होली हवन समिति के अध्यक्ष ऋषभ जैन, महामंत्री कृष्णा वर्मा, कोषाध्यक्ष मोहित भारद्वाज, तेजपाल सैनी, वैभव गोयल, अर्पित गुप्ता, अमन अग्रवाल, पंकज जैन, हिमांशु गुप्ता, संतोष गुप्ता,तन्नू त्यागी, कमल सैनी, अंकुश अग्रवाल, सजल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, आशु जैन, डॉक्टर मयंक पाराशर, अरविन्द जोशी, संजू सैनी, रंजीत जोशी, डॉक्टर अशोक शर्मा,और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे। उत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इससे पूर्व मंगलवार को होलिका दहन की पूर्व संध्या पर एक भव्य गुलाल जुलूस निकाला गया। इसका शुभारंभ सभासद मुकेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। यह जुलूस मुख्य बाजार स्थित होलिका दहन स्थल से प्रारंभ होकर मोहल्ला तीरग्रान, अब्दुल्ला चौक, जोखा सराय, धर्मशाला, चौधरीयान और जामा मस्जिद जैसे निर्धारित मार्गों से होता हुआ वापस दहन स्थल पर संपन्न हुआ। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुरियारों का स्वागत किया गया।



# .. मारे खुशी के केजरी बोतल न खोल दे!

**चांदपुर ( चिंगारी )**। अग्रवाल सभा चांदपुर के तत्वावधान में होली पर्व पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

यहां पंचवटी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अरविन्द मित्तल, कृष्णौतार बैंकर्स व डा. केसी मित्तल ने संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। आकाश मित्तल, अमित गोयल व मयंक सिंघल ने झंडागान किया। बाद में मेरठ से आये कवि डा. प्रतीक गुप्ता के संचालन में हुए कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गाजियाबाद से आई हास्य कवि दीपाली जैन की रचनाओं ने श्रोताओं को रोमांचित कर दिया। उन्होंने कहा छुटने के बाद अंट शंट कुछ न बोल दें, अपनी तमाम हरकतों की हमको पोल दें। सच-सच बताऊं मुझको इसी बात का है डर मारे खुशी के केजरी बोतल न खोल दें। देहरादून से आये कवि श्री कांत श्री ने होली गीत सुनाकर श्रोता को झूम उठे। कवि महिमा श्री ने होली गीत सुनाकर वाहवाही बटोरी। कवि सम्मेलन का





संचालन कर रहे कवि डा. प्रतीक गुप्ता ने हास्य रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। मोहब्बत के हों सिलसिले, जरूरी तो नहीं हर बगिया में गुल खिले, जरूरी तो नहीं मिल तो लिए गले होली पर। मन मारकर, पर सबका सबसे दिल मिले, जरूरी तो नहीं। सम्मेलन में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष नरेश कुमार गोयल ने अपनी पत्नी स्व. श्रीमती मंजू गोयल की स्मृति में इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक लाने वाली वैदिक कन्या इंटर कालेज की छात्रा कु. मानसी व शकुंतला कन्या इंटर कालेज की छात्रा कु. आशा देवी को अपनी ओर से प्रशस्ति-पत्र व 5100-5100 रूपये प्रदान किए। कार्यक्रम में अरविन्द मित्तल, ब्रहम स्वरूप अग्रवाल, पंकज वैश्य, नरेश गोयल, अमित मित्तल, अमित गोयल, आकाश मित्तल, पूजा मित्तल, दीपिका अग्रवाल, पायल गोयल, पलक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 11वें रोजे पर मुकम्मल हुआ 12 दिनी शबीना

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित नवाब नजीबुद्दौला मस्जिद पर 11 वें रोजे को 12 रोजा शबीना पर कुरान मुकम्मल हुआ। मस्जिद



के इमाम मुफ्ती गुफरान ने कुराना सुनाया तथा मुअज्जन मौलाना फैजान ने सुना। कुरान मुकम्मल के बाद मुफ्ती गुफरान ने बयान करते हुए मुसलमानों से जिंदगी को बर्बादी से बचाने, तकवे वाली जिंदगी गुजारने, आलिमों के पास बैठने, नमाज व कुरान पढ़ने, मस्जिदों को आबाद करने, मोबाइल का नाजायज प्रयोग न करने, मां-बाप व अपने रिश्तेदारों की इज्जत करने, अल्लाह की नाराजगी से बचने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम, मस्जिद कमेटी के सदर शाहिद सिद्दीकी, मोनू टाटा, सभासद इरशाद अहमद, मौ. राशिद, शेर अली, नसीम अहमद, सलीम अहमद, शब्बू, नसीम, दिलदार, फैजान, मौअज्जम, मौ. उस्मान, शहजाद, बिट्टू, आशु आदि मौजूद रहे।


**DHARA MOTOR FINANCE LTD.**
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.



## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक: 185/ न.पा.परि.नह./2025-26 दिनांक-05-03-2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु 15वें वित्त आयोग बुनियादी / निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम किश्त), राज्य वित्त आयोग, नगरीय झील / तालाब/पोखर संरक्षण योजना/सीवरेज एस जल निकासी योजना से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत विकास कार्यों की वेबसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 06-03-2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 26-03-2026 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 26-03-2026 को समय दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर डाल सकते हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender reference | Ltr.No. 185 / न.पा.प.नह./2025-26 |
| Publish and Time for RFP | दिनांक 06-03-26 को प्रातः 11:00 बजे |
| Last date and time for submission of E-Tender | दिनांक 26-03- 2026 को दोपहर 02:00 बजे तक |
| Date of time of opening tender | दिनांक 27-3-2026 को सायं 04:00 बजे |
| Place of opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Nehtaur |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document processing | As per tender List |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर,
जनपद-बिजनौर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

# नगीना में धूमधाम से निकला नृसिंह भगवान का जुलूस




भगवान नृसिंह देवता के जुलूस में शामिल भगवान नृसिंह के डोले को लेकर चलते कमेटी के पदाधिकारी। जुलूस में शामिल गणमान्य लोग व सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी।

**नगीना ( चिंगारी )**। होली की रात्रि को निकलने वाला नृसिंह भगवान का जुलूस नगर के मुख्य मार्ग पर धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में हुलियारों ने डीजे व ढोल पर जमकर धमाल मचाया। जुलूस में नृसिंह भगवान का डोला शामिल रहा। जुलूस के संपन्न होने के बाद सभी स्थानों पर लगी होलिकाओं को दहन करने की रस्म को निभाया गया। मंगलवार की शाम भगवान नृसिंह का जुलूस मोहल्ला पाधान स्थित पीपल महादेव मंदिर से नृसिंह भगवान के डोले, अघोरी नृत्य, भगवान शिव, हनुमान, इलेक्ट्रिक हाथी की सुंदर आकर्षक झांकियों, ढोल व डीजे के साथ धूमधाम से बाल प्रगतिशील समिति एवं श्री नृसिंह भगवान सेवा समिति के अध्यक्ष अनंत जैन, उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, विपुल जैन, निमिष गर्ग, आशीष जैन, लक्ष्मण सैनी, विभोर जैन, दीपक सोती, रॉबिन गौतम, राजकुमार गुप्ता, शिवम सोती, रोहन भारद्वाज, अमन यादव, श्रीयं, मोहित गर्ग, संगम गुप्ता, पार्थ अग्रवाल, दीपांशु भारद्वाज, शिवम शर्मा, समक्ष अग्रवाल, दीक्षांत शर्मा, तनिष्क गुप्ता, कार्तिक, अपुल जैन, अजय श्रीमाली, कुलदीप सैनी, मणि शर्मा, मोहित ठाकुर, अविरल गोयल, सुभाष अग्रवाल, सुशील जैन, विजय शर्मा, मनोज गुप्ता, सौरभ कौशिक, अजीत सोती, राजीव सोती, सार्थक गुप्ता आदि के नेतृत्व में शुरू हुआ। जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ देर रात रेलवे स्टेशन चौराहे के पास सम्पन्न हुआ। जुलूस में एसडीएम विजय शंकर, सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थानाध्यक्ष अवनीतमान पुलिस व पीएसी बल के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर विहिप नेता प्रदीप गर्ग, भाजपा नेता प्रमोद चौहान, सभासद गोपाल शर्मा, संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की, युवा सरार्फ साहू सुयश अग्रवाल, साहू अनुभव अग्रवाल, विशाल मित्तल, अविरल मित्तल, सौरभ मित्तल आदि मौजूद रहे।

**आज का विचार**

## लीजिए : होली तो हो ली!



–सत्यराज

होली जहां रंगों और उल्लास से भरपूर त्यौहार होता है, वहीं यह हुड़दंगी माहौल में मनाया जाने वाला विशेष प्रकृति का इकलौता त्यौहार होता है। अनेक पौराणिक कथाओं पर आधारित यह त्यौहार वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आ पहुंचा है। होलिका दहन और सूखे, गीले रंगों की परंपरा भी युगों पुरानी है। होली पर जहां उत्साह–उमंग से यह पर्व मनाते हैं, वहीं वर्तमान सामाजिक परिवेश में अब हिंदू–मुसलमान यानी सांप्रदायिक दृष्टि से भी देखा जाने लगा है। होली का पर्व बिना सांप्रदायिक दंगों से गुजर जाने की कामना सभी करते हैं और कहीं होली का त्यौहार और रमज़ान एक ही समय में आ जाए तो शासन–प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाता है। उत्तर प्रदेश इस संदर्भ में एक आशंकाओं वाला राज्य माना जाता रहा है, लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश क्या, कहीं से भी कोई अप्रिय सांप्रदायिक झगड़ों की ख़बर देखने–सुनने को नहीं मिली। यह बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। एक सर्वे के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 तक हुए सांप्रदायिक दंगों में लगभग 1200 हत्याएं हुई थीं, वहीं 2014 से 2025 तक के दशक में यह संख्या घटकर 900 रही। यह जहां चुस्त शासन प्रणाली को दर्शाता है, वहीं सामाजिक सोच बदलने वाला प्रसंग भी माना जा सकता है। निरंतर शिक्षित होना और आर्थिक दृष्टि से अपने–अपने कारोबार आदि में व्यस्त रहना, शांति के लिए जिम्मेदार मान सकते हैं। आप देखिए कल होली तो हो ली और आज फिर से सभी अपने–अपने कारोबार और नौकरी पर लग गए हैं। सबसे सुखद बात इस बार होली पर यह रही कि कहीं भी कोई सांप्रदायिक झगड़ा, हत्या नहीं हुई।

**प्रिय पाठकों,**

**जैसा कि आप देख रहे हैं कि चिंगारी सांध्य दैनिक में हमने 'आज का विचार' शीर्षक से एक स्तंभ शुरू किया है। इसमें सामाजिक और पारिवारिक सरोकारों को लेकर विचार प्रकाशित किए जाते हैं। सुधिजन पाठकों से अनुरोध है कि यह एक खुला मंच है, इसके लिए आप भी अपने विचार प्रकाशन हेतु भेज सकते हैं। अनुरोध यह भी है कि इस स्तंभ में राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में विचार न भेजें।**

**–संपादक**

# नांगल में धूमधाम से निकला रंग का जुलूस




रंग के जुलूस का फीता काटकर उद्घाटन करते एएसपी ( सिटी )। जुलूस में शामिल ट्रैक्टर और हुलियारे

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। नांगल और उससे सटे गांवों में दुल्हैंडी पर गीले रंग का जुलूस लगभग डेढ़ दर्जन ट्रैक्टरों के साथ धूमधाम से निकला। हुलियारों ने जहां जमकर रंग बरसाया, वहीं हुलियारों के ऊपर भी रंगों की खूब बरसात हुई। कई किलोमीटर की दूरी तय करके जुलूस अपराहन ढाई बजे सम्पन्न हुआ। दोपहर 12 बजे जुलूस का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने फीता काटकर किया। जुलूस थाने के सामने से शुरू होकर नांगल के विभिन्न मुहल्लों, मुख्य बाजार तथा नांगल से सटे गांवों खानपुर, जीतपुर, शहजादपुर के मुख्य मार्गों से निकलते हुए थाने के सामने पहुंचकर ही सम्पन्न हुआ। जुलूस में सबसे आगे पैदल वाले हुलियारे नाचते–गाते हुए चल रहे थे। उनके पीछे ई–रिक्शा पर होली के गीत बज रहे थे और उसके पीछे लगभग डेढ़ दर्जन ट्रैक्टर थे। जुलूस में पूर्व फौजी सुशील शुक्ला, आर्य वीरेन्द्र शर्मा, अतुल अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र राजपूत, नरपाल सिंह, पं. अरविन्द शुक्ला, ज्ञान सिंह, संजय राजपूत, जौनी सिंह, सुशील कुमार, रतिराम सैनी, हेमेन्द्र चौधरी, अरविन्द कुमार, खिलेन्द्र सिंह, गौरव कुमार, राजेन्द्र सिंह, जनेशपाल, ओमकार आजाद, धूम सिंह, अश्वनी शुक्ला, संतराम सिंह, सुरेन्द्र सैनी, डा. जितेन्द्र पाल, सुभाष सिंह, राकेश गोयल, प्रमोद कुमार, राहुल कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा। मुस्लिमों के मुहल्ले कैतवाड़ा में एहतियातन छतों पर भी पुलिसकर्मी खड़े किये गये थे।

## होली मिलन कार्यक्रम में हास्य–व्यंग्य की बरसात हुई



**नांगल सोती ( चिंगारी )**। दुल्हैंडी की शाम स्थानीय मुख्य बाजार स्थित धर्मशाला में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हास्य–व्यंग्य की खूब बरसात हुई। वरिष्ठ भाकियू कार्यकर्ता सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता एवं पत्रकार रूकन राजपूत के संचालन में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में वक्ताओं ने दुल्हैंडी का जुलूस शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर हर्ष व्यक्त किया तथा सभी को होली की शुभकामनायें दीं। अंत में फूलों की होली खेली गई। सामाजिक कार्यकर्ता हेमेन्द्र चौधरी, चौ. घिस्सन सिंह, सुशील शुक्ला, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार, आरएसएस नेता गगन कर्णवाल, सहकारी समिति के सभापति गार्विन चौधरी, भाकियू नेता अजय बालियान 'गुड्डू', अश्वनी शुक्ला, शेखर कुमार, सिन्धुराज सिंह, राकेश कुमार, खिलेन्द्र सिंह, संजय कुमार सिंह, पंकज पाल, अरविन्द कुमार, मुकेश कुमार, नरेन्द्र गोस्वामी, नरपाल सिंह सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

# सिर्फ एक महीने मेथी का पानी पीने के फायदे

हर किचन में मिलने वाली मेथी सिर्फ तड़के या अचार के लिए नहीं, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसका पानी रोज सुबह पीने से वजन घटाने, पाचन सुधारने और शरीर को अंदर से डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। मेथी का पानी, जो इन



बीजों को रातभर भिगोकर सुबह पीने से तैयार होता है, शरीर को अंदर से मज़बूत बनाने में मदद करता है। यह न सिर्फ वजन घटाने में कारगर है, बल्कि पाचन सुधारने और इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में भी मदद करता है। मेथी में विटामिन A, B, C के साथ आयरन, कैल्शियम, जिंक और फाइबर जैसे न्यूट्रिएंट्स भरपूर होते हैं।

## मेथी के दानों में क्या खास है?

मेथी में प्रोटीन, फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम, मैंगनीज़, विटामिन B6 और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है। ये सभी तत्व शरीर की पाचन क्रिया, ब्लड शुगर लेवल, वज़न, स्किन और हार्मोनल बैलेंस को बेहतर बनाते हैं।



## मेथी का पानी कितने दिन तक पीना चाहिए?

*अगर आप मेथी के पानी से स्वास्थ्य लाभ लेना चाहते हैं, तो कम से कम 30 दिन तक नियमित रूप से इसका सेवन करना चाहिए। रोज़ सुबह खाली पेट मेथी का पानी पीने से ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है, कोलेस्ट्रॉल बैलेंस होने लगता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। लगातार एक महीने तक इसका सेवन करने से गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है, जिससे दिल की सेहत भी सुधरती है।*

## सिर्फ 1 महीने मेथी का पानी पीने के 10 ज़बरदस्त फायदे

1 **ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है :-** मेथी के बीज इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ाते हैं, जिससे शरीर ग्लूकोज़ को बेहतर तरीके से उपयोग करने लगता है। एक महीने तक इसका नियमित सेवन टाइप-2 डायबिटीज़ के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद होता है और ब्लड शुगर स्थिर रहता है।

2 **वज़न कम करने में सहायक :-** मेथी का पानी भूख को नैचुरली कम करता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इससे बिना ज्यादा मेहनत के शरीर की अतिरिक्त चर्बी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

3 **पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है :-** अगर आपको गैस, कब्ज या पेट फूलने की समस्या है, तो मेथी का पानी एक सरल घरेलू उपाय है। सुबह खाली पेट पीने से पेट हल्का रहता है और खाना जल्दी पचता है।

4 **त्वचा को बनाता है साफ और चमकदार :-** मेथी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं, जिससे स्किन से संबंधित समस्याएं जैसे मुंहासे, पिंपल और झाइयां धीरे-धीरे कम होने लगती हैं।

5 **बालों के झड़ने को करता है कम :-** इसमें मौजूद प्रोटीन और निकोटिनिक एसिड बालों की जड़ों को पोषण देते हैं। एक महीने तक इसका सेवन करने से बालों का झड़ना कम होता है और नये बाल आने की प्रक्रिया शुरू होती है।

6 **महिलाओं में हार्मोनल बैलेंस लाता है :-** मेथी का पानी पीरियड्स की अनियमितता और PCOS जैसी समस्याओं में राहत देता है। यह महिलाओं के हार्मोन संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक होता है।

7 **कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है :-** रोजाना मेथी पानी पीने से LDL यानी खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर घटता है और HDL यानी अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है, जिससे दिल की सेहत में सुधार आता है।

8 **जोड़ों के दर्द में आराम देता है :-** मेथी में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। गठिया से परेशान लोगों को भी इससे राहत मिल सकती है।

9 **लिवर और किडनी को डिटॉक्स करता है :-** मेथी का पानी शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालता है और लिवर व किडनी की सफाई में मदद करता है, जिससे शरीर अंदर से शुद्ध होता है।

10 **इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है :-** इसमें मौजूद विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे संक्रमण और वायरस से लड़ने की ताकत मिलती है।


## कब दिखते हैं असर?



**मेथी का पानी नियमित रूप से पीने पर असर धीरे-धीरे दिखता है। पहले 7 दिनों के भीतर ही पाचन तंत्र बेहतर महसूस होने लगता है और पेट की समस्याओं में राहत मिलती है। 15 दिनों के भीतर त्वचा की रंगत में निखार आने लगता है और शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ा हुआ महसूस होता है। जब आप 30 दिनों तक लगातार इसका सेवन करते हैं, तो ब्लड शुगर नियंत्रित होने लगता है, वजन कम होने के संकेत मिलने लगते हैं और बालों की सेहत में भी सकारात्मक बदलाव नजर आता है। सिर्फ 1 महीने तक रोज़ाना मेथी का पानी पीना आपकी सेहत के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। यह सस्ता, सरल और प्रभावी घरेलू उपाय है जिसे हर उम्र का व्यक्ति आसानी से अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकता है।**

## किन लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए?

- प्रेग्नेंट महिलाएं डॉक्टर की सलाह के बिना न लें।
- यदि आप ब्लड शुगर या ब्लड प्रेशर की दवा लेते हैं, तो सेवन से पहले डॉक्टर से पूछ लें।
- अत्यधिक मात्रा में पीना उल्टा असर कर सकता है।




# अनोखा है ये जीव : ठंड में भूल जाता है सब कुछ गर्मी आते ही लौट आती है याददाश्त!



दुनिया में एक ऐसा अनोखा जीव भी है, जो कड़कड़ाती ठंड में 'गजनी' बन जाता है। कहने का मतलब यह जीव अपनी याददाश्त खो बैठता है, लेकिन जैसे ही मौसम बदलता है, उसे सब कुछ फिर से याद आ जाता है। जाहिर है, यह जानकर आप दंग रह गए होंगे। इस जीव का नाम 'आर्कटिक ग्राउंड स्क्विरल' **(Urocitellus parryii)** है। बता दें कि छोटे कद का यह जीव अलास्का और साइबेरिया जैसी बेहद ठंडी जगहों पर रहता है। कहते हैं कि जब वहां का टेम्प्रेचर माइनस 30 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है, तो यह जीव 8 महीने के लिए गहरी नींद में चला जाता है, जिसे हाइबरनेशन कहते हैं। इस दौरान इसका शरीर इतना ठंडा हो जाता है कि खून जमने की कगार पर पहुंच जाता है। ठंड की वजह से इसके दिमाग के सेल्स यानी के न्यूरॉन्स के कनेक्शन टूट जाते हैं। वैज्ञानिकों की भाषा में कहें, तो इसका दिमाग लगभग 'बंद' हो जाता है और यह जीव सब कुछ भूल जाता है। वहीं, दिल की धड़कन 200 से घटकर सिर्फ एक से 5 बार प्रति मिनट रह जाती है।

# ग़ज़ब! कभी देखा है इतना बड़ा ताला?

पहले के जमाने में जब बड़े-बड़े किले बनाए जाते थे तो उनकी सुरक्षा के लिए दरवाजे भी विशालकाय लगाए जाते थे और उन दरवाजों को लॉक करने के लिए विशालकाय ताले भी लगाए जाते थे। हालांकि उस जमाने के ताले अब न के बराबर ही देखने को मिलते हैं, पर सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक विशालकाय ताला दिखाया गया है, जिसे देखकर पहली नज़र में ही यकीन करना मुश्किल हो जाता है। आमतौर पर अभी ताले छोटे-छोटे ही देखने को मिलते हैं, लेकिन इस वीडियो में दिखाया गया ताला इतना बड़ा है कि उसे उठाने के लिए भी अच्छी खासी ताकत चाहिए। वीडियो की शुरुआत एक बड़े से कमरे से होती है, जहां ढेर सारे ताले रखे नज़र आते हैं। उनमें कोई ताला आज के तालों की तरह छोटा है, तो कोई ताला विशालकाय। उन ताले का आकार किसी छोटे सूटकेस जितना बड़ा है और उसकी मोटाई देखकर तो लोग दंग रह जाते हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक शख्स उनमें से एक ताले को अपने दोनों हाथों से उठाता है और फिर उस ताले को खोलकर दिखाता है। साथ ही वो बताता है कि इन तालों का इस्तेमाल बड़े-बड़े किलों में किया जाता था और फिर वो ताले एक साल बाद ही खुलते थे। उसने ये भी बताया कि इस ताले का वजन 15 किलो के करीब है।




**दुनिया का सबसे बड़ा ताला :-** इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर **@AarifSpeaks** नाम की आईडी से शेयर किया गया है और कैप्शन में लिखा है, 'अब ये ताला 1 साल बाद खुलेगा। दुनिया का सबसे बड़ा ताला, हैरान हो जाओगे देखकर। किला टूट जाएगा पर ताला नहीं'। महज 49 सेकंड के इस वीडियो को हजारों बार देखा जा चुका है और यूजर्स ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी दी हैं। किसी ने कहा कि 'पहले के ताले बहुत बड़े और मजबूत होते थे', तो किसी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि 'ये ताला देखकर तो चोर पहले ही भाग जाएगा'। इसी तरह एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'बहुत अजीब और दुर्लभ ताला है। मैंने यह ताला पहली बार देखा है', तो दूसरे ने कहा कि 'पुरानी तकनीक शानदार हुआ करती थी। अब देखने को कहां मिलती है'।

# दुल्हैंडी के जुलूस के साथ, होलिका महोत्सव हो गया समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** फाल्गुनी मस्ती, उमंग और उल्लास का पावन पर्व होली नगर में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कल दुल्हैण्डी पर निकाले गए होली हवन जुलूस का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, डॉ. आदित्य अग्रवाल, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह आदि ने नारियल भंजन करके व आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ा कर किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत आदर्श होली हवन समिति के संरक्षक डॉक्टर शंकर लाल शर्मा, संदीप शर्मा हलवाई, जयवीर सिंह सिसोदिया, अध्यक्ष देवेंद्र भटनागर, महामंत्री संजय शर्मा बिल्लू, अंकित सैनी, नवचेतन शर्मा, डॉ. जितेंद्र कौशिक, सौरभ मालपानी, सुनील गुप्ता, संजीव जैन, वीरेंद्र रस्तौगी, कुलमाणि सिंह, शेखर मित्तल, डॉ. राज सैनी, विभूति कान्त शर्मा, नमन जैन, तापस अग्रवाल, राहुल त्यागी, सचिन दत्त शर्मा, संजय कात्यायन एडवोकेट, राजीव भटनागर, होशराम सैनी, अंकुर गुप्ता, मुकेश मित्तल,


राधा कृष्ण मंदिर पर होली हवन जुलूस का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान व पूर्व विधायक डॉ इंद्रदेव सिंह।

सुधाकर शर्मा, योगेश रस्तोगी, प्रशांत चौधरी एडवोकेट, नीरज रस्तोगी, निखिल छाबड़ा, सनी, सचिन सिन्हा, दीपक अग्रवाल, जेके, ईशान भारद्वाज, मनोज जोशी, अमित रस्तौगी, संयम जैन, वालेश अग्रवाल, सचिन पंडित, गौरव दुबे आदि ने समिति का, पटका पहनाकर व माल्यार्पण करके किया। इसके बाद राधा कृष्ण मंदिर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी व पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने फीता काटकर होली हवन जुलूस का शुभारंभ किया। जुलूस में सबसे आगे शामिल घोड़ों और ऊंटों पर उत्साही युवक हाथों में समिति का भगवा झंडा लेकर बैठे थे। उनके पीछे एक आर्टिफिशियल हाथी नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। जुलूस में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां, डांस पार्टी, डीजे आदि शामिल रहा। जुलूस में शामिल होली के हुलियारो की टोलियां रंग, अबीर और गुलाल उड़ाते हुए वातावरण को होलीमय बना रहे थे। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे के चेहरे पर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली हवन जुलूस में शामिल हवन की गाड़ियों पर पंडित मनोज शर्मा बॉबी, सुबोध शर्मा आदि वैदिक मंत्रों के साथ हवन करते हुए चल रहे थे। जुलूस को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे, धामपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। नगर के संवेदनशील स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया हुलियारों ने खूब रंग-गुलाल उड़ाया

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हुलियारों ने खूब रंग गुलाल उड़ाया और जमकर डीजे पर डांस किया।

हर साल की तरह आदर्श होली कमेटी के तत्वावधान में मुख्य बाजार स्थित अली मस्जिद चौक से रंग का जुलूस निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ भाजपा नेता शरद चंद्र शर्मा और राजवीर गहलौत ने नारियल फोड़कर कर किया। इसके उपरांत जुलूस मौहल्ला वीरथला, चौधरियान, अचारजान, शेखान आदि के परम्परागत मार्गों से होकर मौहल्ला फतेहनगर में पहुंचकर शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। जुलूस में होली की मस्ती में मस्त हुरियारे डीजे पर नाचते गाते और रंग गुलाल उड़ाते चल रहे थे। जुलूस में मुकेश रस्तोगी, नरेंद्र प्रताप यादव, सतीश चौहान, शशिकांत शर्मा, राकेश रूहेला, कामेश्वर राजपूत, अमित रूहेला, अमित रस्तौगी, अंकुर जैन, टीटू चौहान, शील चंद्र रस्तोगी, धर्मेंद्र शर्मा, राधे सैनी, फूल सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

सुरक्षा की दृष्टि से वीरेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ जुलूस में मौजूद रहे। नगर के अलावा गांवों में भी होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया और परम्परागत जुलूस निकाले गए। बृहस्पतिवार को पुलिस स्टाफ ने होली का त्योहार मनाया। पुलिस कर्मियों ने जमकर रंग खेला और एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी।



## शेख अहमदुल्लाह ने पेश की भाईचारे की मिसाल

**व्यापारी नेता शेख अहमदुल्लाह और उनके पुत्र शेख अफजाल ने रंग के जुलूस पर पुष्प वर्षा कर आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल पेश की। रंग का जुलूस जब मुख्य बाजार में मुस्लिम फंड चौक के पास पहुंचा, तो नेता शेख अहमदुल्लाह और उनके पुत्र शेख अफजाल सहित उनके साथियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने जुलूस में शामिल हिंदू भाइयों को होली की मुबारकबाद देकर हिंदू-मुस्लिम भाई चारे की मिसाल पेश की। वहीं जुलूस में शामिल लोगों ने भी नेता जी के इस कार्य की सराहना की।**

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

पंद्रहवां रोजा : गुरुवार 05 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:22, शिया 6:32
सोलहवां रोज़ा : शुक्रवार , 06 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:13 शिया 5:06

# होली के पर्व से मिलता है समरसता का संदेश : रसिक महाराज

## रामलीला कमेटी ने कराया होली मिलन समारोह

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रामलीला मैदान में सुभाष रामलीला कमेटी द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों, समाजसेवियों, युवाओं एवं मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

समारोह में सान्निध्य स्वामी रसिक महाराज, अध्यक्ष सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश का सान्निध्य प्राप्त हुआ। अपने आशीर्वचनों में स्वामी जी ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि यह मन के विकारों को दूर कर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है तथा सनातन संस्कृति के आदर्शों को अपनाकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल ने समिति द्वारा किए जा रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक



कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शम्भू पासवान महापौर नगर निगम ऋषिकेश उपस्थित रहे। वार्ड नंबर 14 की पार्षद श्रीमती सिमरन अमित उप्पल जी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की श्रीमती हिमानी कौशिक की भी कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति रही। सुभाष रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में भक्त प्रहलाद के जीवन पर आधारित नाटक ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महासचिव प्रतीक कालिया, पूर्व मेयर अनीता ममगांई, हिमानी कौशिक, कविता शाह, एडवोकेट रमाबल्लभ भट्ट, साध्वी मां देवेश्वरी, सुभाष रामलीला कमेटी के अध्यक्ष हरि प्रसाद अरोड़ा, संदीप गुप्ता, अमित उत्पल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा ध्यानी आदि उपस्थित थे।

# ईरान भारत का पारंपरिक मित्र : इमरान मसूद

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने दिल्ली में इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल माजिद हाकिम इलाही से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान भारत का पारंपरिक मित्र देश रहा है और ऐसे समय में इंसानियत के साथ खड़े रहना जरूरी है। इमरान मसूद ने कहा कि किसी भी देश के प्रमुख की हत्या बेहद दुखद घटना है। उन्होंने बताया कि भारत और ईरान के संबंध हजार साल पुराने हैं। खामेनेई अक्सर दोनों देशों की प्राचीन मित्रता का जिक्र करते थे। मसूद ने कहा कि खामेनेई भारतीय इतिहास में गहरी रूचि रखते थे।

# नगीना में शांतिपूर्वक निकले होली के जुलूस, माहौल रहा पुरखुलूस



**नगीना ( चिंगारी )। होली का पर्व नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े धूमधाम से शांति के साथ मनाया गया। दुल्हैंडी के दिन निकलने वाले सूखे व गीले रंग के जुलूस के शांतिपूर्ण ढंग से निकल जाने पर पुलिस/ प्रशासन ने राहत की सांस ली। दोनों जुलूसों के दौरान माहौल पुरखुलूस एवं सौहार्दपूर्ण रहा।**

बुधवार को दूल्हैंडी के दिन हवन होली रंग गुलाल समिति द्वारा मोहल्ला चौधरना स्थित देवता मंदिर से सूखे गुलाल का जुलूस सुबह करीब 8 बजे विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुआ। जुलूस नगर के मुख्य मार्ग, स्टेशन मार्ग से होते हुए रेलवे चौक पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल एक ऊंट, ताशे लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, संजय वर्मा, अग्रवाल सभा नगीना के प्रधान शीतल अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, मोहित गोयल, पंडित सचिन शर्मा, अशोक अग्रवाल, प्रभातचंद गुप्ता, हर्ष गोयल, संजीव अग्रवाल, राजकुमार बिश्नोई, राकेश अग्रवाल, साहू सुयश अग्रवाल, सार्थक गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, विकास मिगलानी, केशव दीक्षित, अविरल मित्तल आदि कर रहे थे। सूखे रंग के जुलूस के शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद दोपहर करीब दो बजे देवता मंदिर से बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ कमेटी के तत्वावधान में गीले रंग का जुलूस प्रारंभ हुआ। युवा लंबी-लंबी पिचकारी से जुलूस में शामिल लोगों व छतों पर मौजूद लोगों पर रंग डालते हुए आगे बढ़ रहे थे। जुलूस में शामिल डीजे व ढोल की थाप पर युवा होली के विभिन्न गीतों पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जुलूस मुख्य मार्ग से होते हुए रेलवे चौक पर जाकर शाम करीब 4 बजे संपन्न हो गया। जुलूस में अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल, प्रबंधक मुकेश अग्रवाल आले, साहू कपिल अग्रवाल, राजकुमार बिश्नोई, सौरभ मित्तल, सभासद गोपाल शर्मा, लवी मित्तल, अजीत अग्रवाल, सचिन बिश्नोई, अमित जैन विक्की आदि शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम विजय शंकर, सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना अध्यक्ष अमितमान पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक डा. अंकिता राजपूत दिल्ली में सम्मानित



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** देश में जैव विविधता संरक्षण, जीव-जंतुओं की सुरक्षा तथा किसान समृद्धि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली वैज्ञानिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डा.अंकिता राजपूत को दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था क्षत्रिय फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि विकास के लिये किये जा रहे उनके निरंतर एवं प्रभावी कार्यों हेतु प्रदान किया गया है। डा. अंकिता राजपूत का पैतृक गांव गजरौला शिव (निकट बिजनौर) है। अपनी पैतृक भूमि से गहरा जुड़ाव रखते हुए उन्होंने अपने कार्यों का विस्तार न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के अन्य राज्यों तक किया है। डा. अंकिता राजपूत माटी संस्था की संस्थापक हैं। माटी संस्था के माध्यम से वे देशी जीव प्रजातियों के संरक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने, स्थानीय बीजों के संरक्षण तथा किसानों की आय में वृद्धि के लिये निरंतर प्रयासरत हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम नन्नूशेरपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार की दोपहर को ग्राम निवासी शिवम कुमार (25 वर्ष) अपने घेर में था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजन जब घेर में पहुंचे तो शिवम बेहोश था। परिजन तुरंत शिवम को अस्पताल में ले गये, जहां चिकित्सकों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। निरीक्षक क्राइम विपिन कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कारवाई होगी।



फाइल फोटो

# खेत पर गये किसान पर सांड ने किया हमला, हालत गम्भीर

**नहटौर ( चिंगारी )।** खेत पर गये किसान पर निराश्रित गौवंश (सांड) ने हमला कर दिया, जिसमें किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सांड को नहीं पकड़ा गया तो ब्लॉक प्रशासन किसानों के द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का जिम्मेदार होगा। बुधवार की शाम को ग्राम मटौरा मान निवासी अनिल कुमार (45 वर्ष) गांव के पास स्थित अपने गेहूं के खेत को देखने गया था। बताया जाता है कि गेहूं के खेत में घुस रहे सांड को भगाने का प्रयास किया तो सांड ने हमला बोल दिया। किसान के शोर मचाने पर मौके पर आए अन्य लोगों ने मिट्टी के ठेले मारकर सांड को किसी तरह भगाया। घायल अनिल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। बताया जाता है कि 8 दिन में सांड के द्वारा हमला करने की दूसरी घटना है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला प्रवक्ता व गांव निवासी राजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि ब्लॉक प्रशासन से आठ दिन पहले भी सांड को पकड़ने की मांग की गई थी, जिस पर ब्लॉक प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया था। यदि सांड को नहीं पकड़ा जाता है तो किसानों के द्वारा होने वाली कार्रवाई के लिए प्रशासन खुद जिम्मेदार होगा। वहीं, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, सांड को पकड़वाकर गौशाला में भिजवाया जाएगा।



# ठा. सूर्यकांत के छोटे भाई का देहावसान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। नैनीताल कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक ठाकुर सूर्यकांत के छोटे भाई ठाकुर नरेशकांत का बुधवार की देर रात निधन हो गया। स्वर्गीय ठाकुर नरेशकांत के भतीजे ठाकुर बृजेशकांत ने बताया कि बुधवार की सुबह अचानक उनके चाचा नरेशकांत को ब्रेन हेमरेज हो गया, जिसके चलते उन्हें तत्काल काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार की देर रात उनका निधन हो गया। चार भाइयों में तीसरे नंबर के नरेशकांत लगभग 67 वर्ष के थे और ठाकुर सूर्यकांत सिंह से छोटे थे। उनके निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन करने वालों और शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के लिए उनके निवास पर सैकड़ो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आज दोपहर बाद भूतपुरी स्थित रामगंगा नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।**



फाइल फोटो

# चांदपुर में परमपरागत ढंग से मनाया गया रंगों का त्यौहार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होली धूमधाम एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने जमकर रंग खेला तथा एक-दूसरे को गले मिलकर व रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। नगर के मंडी कोटला से रंग का जुलूस निकाला गया, जो नगर में मुख्य मार्गों से होते हुए पुन: मंडी कोटला में आकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में शामिल युवा डीजे पर बज रहे होली के गीतों पर जमकर झूमे। वहीं दूसरी ओर नगर के मुहल्ला गोकुलनगर में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी के आवास पर जमकर रंग खेला गया। कपिल चौधरी ने आवास पर आने वाले सभी लोगों को गले मिलकर व रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वीरेन्द्र राजपूत, अर्पित गोयल, कपिल गोयल, मंजीत सिंह, योगेश शर्मा, नरेश चौधरी, मा. दुष्यन्त चौहान, संजीव त्यागी, भाजपा नेता चौ. सुधीन्द्र सिंह, डा. सुरेश सैनी, दुष्यन्त सैनी, मुनेश सिंह फौजी, गौरव लाम्बा, हर्षित लाम्बा, सोनू सिह, रूप सिंह वर्मा, अनिल कुमार, पं. विरेन्द्र भारद्वाज, नागेन्द्र चौधरी आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी के आवास पर होली खेलते लोग।

# घरेलू कलह से तंग आकर, महिला ने जान दी फांसी लगाकर

बढ़ापुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक कलेश के चलते एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार की सायं डायल 112 को थाना क्षेत्र के गांव शाहअलीपुर कोटरा में एक महिला द्वारा फांसी लगाये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गांव निवासी अमित की पत्नी वंशिका मृत अवस्था में पड़ी थी। मृतका के गले पर फंदे का निशान था। बताया जाता है कि एक वर्ष पूर्व ही मृतका की शादी हुई थी। एक माह पूर्व उसने बेटी को जन्म दिया था। मृतका के परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों के कारण यह घटना हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना की सही जानकारी मिल पाएगी, जांच-पड़ताल की जा रही है, जिसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## होली पर ज्यादा शराब पीने से मौत

पैजनियां ( चिंगारी )। गांव पैजनियां में एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्धावस्था में मौत होने से उसके परिवार में होली की खुशियां मातम में बदल गईं। बुधवार को गांव निवासी भूदेव ( 55 वर्ष ) ने दिन में जमकर होली खेली। मोहल्लेवासियों ने बताया कि उसने अत्यधिक शराब पी रखी थी, जिससे शाम को उसकी तबीयत खराब हो गई। भूदेव को इलाज के लिए पहले गांव में एक अस्पताल में ले जाया गया, बाद में बिजनौर ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। भूदेव की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया और होली की खुशियां मातम में बदल गईं। गुरुवार को भूदेव का गंगा बैराज घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## दो बाइकें आपस में टकराईं एक युवक ने जान गंवाई


फाइल फोटो

किरतपुर ( चिंगारी )। दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार कल शाम निकटवर्ती ग्राम बहादुरपुर के मानसिंह का 26 वर्षीय पुत्र रविशु अपने रिश्तेदार को बाइक से किरतपुर छोड़ने आया था। लौटते समय मालन नदी के पुल पर पहुंचने पर सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई, जिससे रविशु गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और घायल रविशु को सरकारी अस्पताल ले गई, जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए बिजनौर रैफर कर दिया, लेकिन रास्ते में बिजनौर जाते वक्त ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की शादी 4 वर्ष पूर्व हुई थी और उसके एक बेटा है उसकी मृत्यु से घर में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## धूमधाम से मनाया रंगोत्सव


अबीर-गुलाल लगाकर होली मनाते नगरवासी।

बढ़ापुर ( चिंगारी )। होली पर्व रंगोत्सव नगर एवं पूरे बढ़ापुर क्षेत्र में उमंग, उत्साह और बड़े हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। बुधवार को पूरे क्षेत्र में रंगोत्सव की धूम रही। नगर में डीजे की धुन और अबीर-गुलाल से सराबोर शोभायात्रा अपने परंपरागत मार्ग से होती हुई पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सोनू सैनी, सभासद राहुल कश्यप, अंकित गुप्ता, शेखर पाल, मुकेश आर्य, अमित गुप्ता उर्फ मिक्की, ओमेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र कर्णवाल, अजयराज सिंह एडवोकेट आदि शामिल रहे।

## हुलियारों ने खूब मचाया धमाल मुस्लिमों ने पेश की भाईचारे की मिसाल



किरतपुर ( चिंगारी )। नगर व क्षेत्र में होली व दुल्हैंडी का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। हुलियारों ने जमकर रंग खेला। कल दुल्हैंडी के अवसर पर श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर से सुबह 10 बजे गुलाल का जुलूस निकला और दोपहर 2 बजे से गीले रंग का जुलूस निर्धारित मार्गो से होता हुआ वापस श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुआ। युवक ढोल की थाप पर नाच रहे थे, एक-दूसरे को गुलाल रंग लगाकर होली की बधाई दे रहे थे। मोहल्ला कमकरान में सद्भावना मंच के बैनर तले मुस्लिमों हसन अली चौधरी एडवोकेट, दिलशाद अल्वी पत्रकार, मोहम्मद आबिद सभासद, पूर्व सभासद इरशाद बाग वाले, पूर्व सभासद अरशद चौधरी के नेतृत्व में गीले रंग के जुलूस का स्वागत किया और जलपान कराया और गले मिलकर बधाई दी, जिससे नगर व क्षेत्र में मुस्लिम भाइयों की भाईचारे की मिसाल की चर्चा रही। छुटपुट घटनाओं को छोड़कर नगर व क्षेत्र में त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया गया। रंगों के जुलूस के दौरान थाना प्रभारी पुष्पेंद्र चौधरी लगातार गश्त करते रहे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस के रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया गया था।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. ( बिजनौर )
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
पन्द्रहवां रोजा : बृस्पतिवार 05 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:22, शिया 6:32
सोलहवां रोज़ा : शुक्रवार, 06 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:13 शिया 5:06

शहजाद अहमद


## होली धूमधाम से मनाई रंग खेला, गुंजियां खिलाईं

हल्दौर ( चिंगारी )। नगर में दुल्हैंडी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जमकर रंग खेला गया, जिससे वातावरण भी रंग बिरंगा रहा। बुधवार को दुल्हैंडी के दिन सुबह से ही नगर में रंगों की बौछारें चलने लगीं। हुलियारों की टोली एक-दूसरे को रंग लगाते हुए गली-मौहल्लों में घूमी। लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल अबीर लगाकर दुल्हैंडी की बधाई दी। घरों में बने गुंजिये, मटरी व पकोड़ी आदि लजीज व स्वादिष्ट व्यंजनों का भी सभी ने स्वाद लिया और घरों में भी लोगों ने परिवार के साथ होली खेलकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। सुबह करीब 8:30 बजे से मौहल्ला भूड़ स्थित होली चौक से नगर में रंग की चोपी का जुलूस निकाला गया, जिसमें शामिल युवाओं ने एक-दूसरे पर रंगों की बौछारें कर खूब होली खेली। जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा।

# जुलूस निकला शांति के साथ, खूब हुई रंगों की बरसात

स्योहारा ( चिंगारी )। नगर में रंग का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से रजत रस्तौगी, जुलूस समिति अध्यक्ष पंकुल रस्तौगी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। रंग जुलूस शिवाजी मार्केट से प्रारंभ हुआ। हिन्दू चौधरियान, आरएसपी इंटर कॉलेज, बंसतगढ़, रिहासत, गुरूद्वारा, बड़ा बाजार मुरादाबाद मार्ग, आर्यनगर, सब्जीमंडी होता हुआ निश्चित स्थान पर समाप्त हुआ। डाक्टर राजबहादुर शर्मा, संजय जैन, रजत रस्तौगी आदि ने होली का जुलूस सम्पन्न होने पर आयोजक मंडल तथा पुलिस बल को धन्यवाद किया। इस दौरान राजीव कर्णवाल, डाक्टर यज्ञदत्त गौड़, डाक्टर राजबहादुर शर्मा, चंचल शर्मा, मुकेश महेश्वरी, आशीष महेश्वरी, मनोज भटनागर, बिट्टू रस्तौगी, मौना महेश्वरी, पीयूष रस्तौगी, अमित शर्मा, अनिल शर्मा, उत्कर्ष अग्रवाल, अर्पित त्यागी, बलराम जोशी, ठाकुर दिव्यांक चौहान, बाबा जैन, डाक्टर अमित चौहान, चमन भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य डाक्टर अरूण भारद्वाज, आशू गुप्ता, राहुल मिगलानी, व्यापारी नेता अमित वर्मा, भाजपा अनिल कुमार कुशवाहा, भाजपा नेता राजीव वर्मा, शशांक विश्नोई, नैपाल सिंह, अन्नू विश्नोई, कांता प्रसाद पुष्पक, भाजपा नेता अमित शर्मा, एडवोकेट शुभम कौशिक, हिमांशु सैनी, आलोक अग्रवाल, जीत त्यागी, राजवीर त्यागी, संदीप शर्मा, विपिन शर्मा, नीटू जोशी, रवि भटनागर, सोनू चौहान, अंशुल अरोड़ा, नमन रस्तौगी, शौर्य रस्तौगी, पारस वर्मा, मनीष माहेश्वरी, प्यारेलाल सैनी, विनोद तौमर, प्रियांशु वर्मा, नमन महेश्वरी, दीपक रस्तौगी आदि सामिल रहे।

## डा.मनोज वर्मा ने जताया आभार

स्योहारा ( चिंगारी )। प्रसिद्ध समाजसेवी डाक्टर मनोज वर्मा ने रंग शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकालने के लिए पुलिस प्रशासन व आयोजक मंडल का आभार जताते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक रंग शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गयी, जो नगर को एक अलग पहचान दिलाती है। आपसी सामाजिक सौहार्द से हमें सभी त्यौहार मनाने चाहिएं।

## ए.आई. ने पूरा किया सपना, रंगों वाला फोटो लगाया अपना


एआई द्वारा बनायी गयी रंगों से सराबोर दम्पति की तस्वीर।

स्योहारा ( चिंगारी ) इस बार होली मनाने का एआई तरीका लोगों को खूब पंसद आया, जिसमें अपने-अपने फोटो को लोगों ने एआई द्वारा रंगों से सराबोर कर सोशल मीडिया पर वायरल किया और होली की शुभकामनाएं दीं। एआई द्वारा होली न खेलने वालों का रंग का सपना साकार हुआ है। ऐसे में लोगों का कहना है कि एआई से उन लोगों को फायदा मिला है, जो किसी कारण के होली नहीं खेल पाए, लेकिन अपने आपको रंग लगा सके। सोशल मीडिया पर इस बार एआई द्वारा रंग से सराबोर वाली फोटो व विडियो ज्यादा देखने को मिली है। कुछ पुलिसकर्मियों ने भी वर्दी में एआई द्वारा बनी रंग लगी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर शुभकामनाएं दीं, जिससे वर्दी रंग से खराब नहीं हुई और शुभकामनाएं भी रंगों से भरी तस्वीर लगाकर दी।

# मुस्लिमों ने होली जुलूस का स्वागत किया साम्प्रदायिक सौहार्द का परिचय दिया




होली के जुलूस पर पुष्प वर्षा करते पूर्व चेयरपर्सन पति एडवोकेट सलीम अहमद एवं सभासद कलवा कुरैशी। होली खेलते युवा।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। नगर में होली का पर्व इस वर्ष आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही लोग एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर बधाइयां देते नजर आए। होली के जुलूस का नगर के अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। वहीं सनातन धर्म प्रेमियों ने भी स्वागत स्वीकार करते हुए रमज़ान की शुभकामनाएं देकर आपसी एकता का संदेश दिया। इस सौहार्दपूर्ण माहौल को देखकर वहां मौजूद लोगों ने गर्व महसूस किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होली का जुलूस मोहल्ला चिरंजीलाल से शुरू होकर मोहल्ला गोहर अली खां, किला, होली चौक, ढाली बाजार, सब्जी मंडी और मोहल्ला बेगम सराय होते हुए जसपुर तिराहे पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन पति एडवोकेट सलीम अहमद, सभासद कलवा कुरैशी, शोएब कुरैशी, पूर्व पालिका अध्यक्ष नफीस कुरैशी, राहुल शर्मा, रवि कर्णवाल, विमल अग्रवाल, मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना, भीम सिंह रावत, अमित माहेश्वरी, विनीत बिश्नोई, सोनू विश्नोई, नीरव रस्तौगी, अजय कौशिक, सुरेश वर्मा, अजीत वर्मा, निखिल अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, संजय जोशी, उमेश अग्रवाल, स्वप्निल, मयूर कौशिक, हनी लोहिया, अभिषेक लोहिया, वैभव कौशिक, सुनील कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एक दूजे को गुलाल लगाया मिलकर होली पर्व मनाया



रंग के जुलूस में मुस्तैद अफजलगढ़ पुलिस।

## रेहड़ व अफजलगढ़ क्षेत्र में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ रंगों का त्यौहार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। थाना रेहड़ क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया, जो शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कई जगह ढोल नगाड़ों सहित रंगों के जुलूस निकाले गए। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। युवा एवं बच्चे संगीत की धुन पर जमकर थिरके, जबकि महिलाओं ने भी होली का खूब आनंद लिया। मुस्लिम समाज के अनेक लोगों ने रमज़ान माह के बावजूद हुलियारों का कई जगह स्वागत किया, जबकि हिंदू भाइयों ने मुस्लिम मित्रों को गुंजियां खिलाते हुए गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस बल मुस्तैद रहा।

## थाना प्रभारी ने अखाड़ा उस्तादों को पगड़ी बांधी, दुल्हैंडी से पूर्व निकाली मां दुर्गा की शोभायात्रा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। दुल्हैंडी की पूर्व संध्या पर रेहड़ में पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मां दुर्गा की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। सनातन धर्मशाला से शुरु हुई इस शोभायात्रा में मुस्लिम समुदाय के अनेक लोगों ने भी शिरकत कर आपसी सौहार्द की मिसाल कायम रखी। शोभायात्रा में शामिल अखाड़े में सभी समुदायों के अनेक लोगों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाये गये। अखाड़ा जब थाने के सामने पहुंचा तो रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने अखाड़े के उस्तादों होरी सिंह तोमर, महेंद्र तोमर एवं सलीम अंसारी को व ग्रामीणों ने थाना प्रभारी राजीव वर्मा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। प्राचीन दुर्गा माता मंदिर पर जुलूस का समापन हुआ।




अखाड़ा उस्तादों को पगड़ी बांधते रेहड़ थाना प्रभारी राजीव वर्मा। तमाम दर्शकों के बीच अखाड़ा खेलते ग्रामीण।

## होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

**गोरखपुर ( एजेंसी/चिंगारी )**। होली के पावन महापर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया।

उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गौवंश को भस्म व गुलाल लगाया और गुड़ खिलाकर गौसेवा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गौरक्षपीठाधीश्वर के संग जमकर रंगों और फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होलिकोत्सव की शुरुआत बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गौरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से की। मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी, भस्म का तिलक लगाया। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक कर आशीर्वाद लिया। गौरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की। होलिका दहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित की।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



ATHER

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# भारत विकास परिषद ने अपनी रजत जयंती मनाई अनेक कार्यक्रम हुये आयोजित, होली की दी बधाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद की ओर से दुगड्डा ब्लाक के फतेहपुर स्थित एक रिसोर्ट के सभागार में परिषद की रजत जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य मे परिवार मिलन समारोह व पूर्व अध्यक्ष सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर महिलाओं व बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



आयोजित कार्यक्रम में परिषद के पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आरंभ कोटद्वार नगर निगम मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत ने किया। उन्होने कहा कि समर्पण भाव से किये गये कार्यो में सफलता निश्चित रूप से मिलती है और परिषद सामाजिक कार्यों में लगातार समर्पण भाव से कार्य करती आई है। इसलिए परिषद के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। तत्पश्चात परिषद के 16 पूर्व अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। अंत में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल सुंदर व सीमा अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल व अंजु अग्रवाल, सह संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल व सुनीता अग्रवाल, सह संयोजक राजेन्द्र जखमोला व रीता जखमोला, संयोजक तोताराम पांथरी व गोदाम्बरी पांथरी, राकेश मित्तल व महिला संयोजिका बीना मित्तल, गोपाल बंसल व संजय अग्रवाल सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# मधुवन आश्रम में मनाया चैतन्य महाप्रभु का अविर्भाव महोत्सव

## नगर संकीर्तन निकाला

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** लक्ष्मण झूला मार्ग स्थित मधुबन आश्रम में श्री चैतन्य महाप्रभु का अविर्भाव महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिवाजी नगर में सभी भक्तों ने विशाल नगर संकीर्तन निकाला तथा हरि नाम संकीर्तन किया। मधुबन आश्रम अध्यक्ष परमानंद दास जी महाराज ने शाम को श्री चैतन्य महाप्रभु नित्यानंद प्रभु जी का दूध, दही, फलों के रस व शहद से अभिषेक किया। इस उत्सव के उपलक्ष में परमानन्द दास जी ने कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु ने आज से 550 वर्ष पूर्व पूरे विश्व में घर-घर जाकर हरि नाम का अधिक से अधिक प्रचार किया। उनका कहना था कि यदि हमको राधा कृष्ण की कृपा प्राप्त करनी है तो हमें हरे कृष्णा हरे कृष्णा



हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का कीर्तन निरन्तर करना चाहिए, जिससे हम इस भवसागर से पार पा सके, नगर पालिका मुनिकी रेती की अध्यक्ष श्रीमती नीलम बिजलवान, पूर्व अध्यक्ष शिव मूर्ति कंडवाल समाजसेवी उद्योगपति बच्चन पोखरियाल चंद्रवीर पोखरियाल, सुनील कंडवाल, सूर्यचद चौहान, नवीन अग्रवाल, संदीप गुप्ता, दिनेश कोठारी, विशाल कक्कड़, नितिन गुप्त, सुदामा सिंघल, रास बिहारी दास, हरि भक्त दास, ऋषभ प्रभु, अमन प्रभु, मुकुल शर्मा, डॉ. सुनील सहगल, राजीव वालिया, राजीव कालरा आदि उपस्थित थे।

# जन समस्याओं को लेकर नगर निगम है मौन आखिर इनका समाधान अब करेगा कौन

## नागरिक मंच ने किया सवाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नागरिक मंच की मासिक बैठक में नगर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों सहित अन्य स्थानों से अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए इसके विरोध में शीघ्र धरना-प्रदर्शन शुरू करने का निर्णय लिया गया। व्यापार मंडल सभागार में मंच के अध्यक्ष सीपी नैथानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंच की पिछली बैठक में उठाये गये बिंदुओं पर नगर आयुक्त द्वारा वार्ता के लिए मंच के प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित न किये जाने पर रोष जताया गया। कहा कि नगर निगम प्रशासन अतिक्रमण हटाने, पार्किंग की व्यवस्था करने, आवारा पशु व कुत्तों के मुद्दे पर मौन है। बैठक में लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाया गया स्टे खारिज होने पर खुशी जताई गई। वहीं नॉर्थ कार्बेट रिजॉर्ट की बदहाली पर पर्यटन विभाग व जिला प्रशासन की ओर से अभी तक प्रभावी कार्रवाई न होने पर गहरी नाराजगी जताई गई। इस प्रकरण में पर्यटन मंत्री से भेंट कर मामले को उनके संज्ञान में लाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में गोविंद डंडरियाल, शंकर दत्त गौड़, देवव्रत काला, अरविंद धूलिया, हर्षवर्धन ध्यानी, केसीराम निराला, सुबोध देवरानी, हरीश चंद्र कुंडलिया, भारत मोहन काला, सुनील कोटनाला आदि ने विचार रखे। संचालन महासचिव अतुल भट्ट ने किया।

# जीआईसी बल्ली में एमिनेंट एक्सपर्ट टॉक का किया गया आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में छात्र-छात्राओं को बेहतर कैरियर बनाने पर जानकारी देने के लिए एमिनेंट एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय में रंगोत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी देहरादून प्रदीप सिंह रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत प्रवक्ता मुकेश प्रसाद बहुगुणा और प्रधानाचार्य युगजीत चंद सेमवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सेनि. प्रवक्ता मुकेश प्रसाद बहुगुणा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए सही दिशा में कार्य करना आवश्यक है। कहा कि छात्र-छात्राओं का भविष्य निर्माण उनके सकारात्मक कार्यों पर निर्भर करता हैं। सेनि. जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत ने भी छात्र छात्राओ में अच्छे चरित्र का निर्माण, अच्छे मूल्यों का विकास, छात्रों के लिए आधुनिक शिक्षा का उदेश्य, जीवन का उदेश्य, छात्रों को अपने सामर्थ्य की पहचान आदि विषय पर अपने विचार रखे। तत्पश्चात रंगोत्सव में धर्मेंद्र रावत की होल्यार टीम ने होली के पारंपरिक गीतों से समा बांध दिया। इस अवसर पर विद्यालय के पीटीए संरक्षक जगदीश प्रसाद बेबनी, एसएमसी अध्यक्ष सुषमा रावत एवं पीटीए अध्यक्ष सुभा देवी सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# अनेक स्थानों पर हुये होली मिलन के कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में होली पर्व के अवसर पर विभिन्न स्थानों में होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने एकदूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दीं। वहीं शिक्षण संस्थानों में भी बच्चों ने जमकर होली खेली। राजकीय पीजी कॉलेज कोटद्वार में हुए होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, अपितु प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का पावन पर्व है। गेप्स निदेशक राम भरोसा कंडवाल ने कहा कि हमें आपसी वैमनस्य भुलाकर एकदूसरे के साथ होली खेलकर भाईचारा बढ़ाना चाहिए। एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप आफ स्कूल्स में भी छात्र-छात्राओं ने होली खेली। पदमपुर सुखरो स्थित एसडीकेडी एजुकेशनल एकेडमी में बच्चों ने जमकर होली खेली। प्रधानाचार्य सुमन मैंदोला ने बच्चों को रासायनिक रंगों से दूर रहने की सलाह दी। वहीं भाबर क्षेत्र के किशनुपरी, उमरावपुर, हल्दूखाता और कलालघाटी सहित अन्य स्थानों में भी होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# रुड़की में होली मिलन पर सरस कवि सम्मेलन का आयोजन

**रुड़की ( चिंगारी )।** नगर में कल रंगों का पर्व धूमधाम से मनाये जाने के उपरांत स्थानीय लालकुर्ती (छावनी) स्थित मारवाड़ी कन्या इन्टर कॉलेज में होली मिलन कार्यक्रम के अनतर्गत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध शायर अफजल मंगलौरी के संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन में सतीश बंसल ने जहां अपनी रचनाओं पर खूब साद बटोरी, वहीं सत्य प्रकाश शर्मा ने कृष्ण और राधा की होली का वर्णन करके लोकगीतों पर खूब तालियां बटोरी। ओम प्रकाश 'नूर' ने जहां अपनी रचनाएं सुनाई वहीं प्रेरणा कौशिक ने अपनी रचनाओं के माध्यम से होली पर ब्रज के लोक गीतों की याद ताजा कर दी। सतीश बंसल व मोनिका शर्मा ने भी खूब वाहवाही लूटी। अंत में माइक सौंपा गया, हास्य व्यंग्य कवि हुक्का बिजनौरी को, जिन्होंने पूरे आधा घंटा अपनी रचनाओं व टिप्पणियों से श्रोताओं को खूब हंसाया व गुदगुदाया।

# शान्ति व सौहार्द के साथ मनाई गई होली


वृद्ध आश्रम में होली मनाते हुए पुलिस।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रंगों का पर्व होली कोटद्वार समेत पूरे जनपद में शान्ति व सोहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया। कुछ इलाकों में छिटपुट मामलों को छोड़कर अमन-चैन कायम रही। पिछले दिनों कोटद्वार में हुए एक विवाद को लेकर पुलिस प्रशासन इस बार पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर कोटद्वार में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस व पीएसी तैनात थी। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर, पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल तथा कोतवाल प्रदीप नेगी लगातार पेट्रोलिंग कर रहे थे।

## सतपुली पुलिस ने मनाई वृद्ध आश्रम में होली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** थानाध्यक्ष सतपुली पंकज कुमार ने होली पर अपनी टीम के साथ वृद्ध आश्रम मलेठी पहुंचेकर वरिष्ठ नागरिकों के साथ मनाई होली। इस मौके पर प्रत्येक वृद्धजन से भेंटकर उनकी कुशलक्षेम जानी और भरोसा दिलाया कि पुलिस परिवार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# खेत में काम कर रहे किसान की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। किसान का अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत हो गई। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा आलम में किसान संजीव कुमार पुत्र मेहर सिंह होली के दिन सुबह को अपने खेत पर काम कर रहे थे। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में किसान संजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजनों द्वारा तत्काल एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान संजीव कुमार गांव विजयपुर किसान सहकारी समिति के संचालक भी थे। उनकी मौत की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई आवास पर आसपास के ग्रामीणों की भारी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मंडावली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान संजीव कुमार की मौत पर चौधरी देवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान भागीरथ सिंह, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, नवीन पाल, अनुज कुमार भोला सिंह, डॉ. इदरीस अहमद, चौधरी नरपाल सिंह, देवराज सिंह, रोबिन राणा, कृष्ण पाल सिंह ने शोक व्यक्त किया।


आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर




खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



## छत के पंखे से लटकी मिली विवाहिता

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने कमरे में लगे छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में रात्रि में नीलम (22वर्ष) पत्नी नितिन के द्वारा पारिवारिक क्लेश के चलते आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके सीओ नितेश प्रताप सिंह, मंडावली थाना प्रभारी राकेश ने पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का पति नितिन मेहनत मजदूरी करता है, दोनों के द्वारा दो महीने पहले कोर्ट मैरिज की गई थी। चर्चा है कि पारिवारिक क्लेश के चलते महिला ने आत्महत्या की है। सूचना मिलते ही महिला के परिवार वाले भी उसकी ससुराल काशीरामपुर पहुंचे जहां उन्हें नीलम मृत अवस्था में मिली। कुछ दिन पूर्व मृतका नीलम की सास जग्गो देवी की कैंसर से मौत हुई थी।


INFORMATION

IN SCHOOL RECORD OF MY DAUGHTER, SAYYEDA RUSHDA SHAMIM, MY NAME IS WRONGLY ENTERED AS SAYYAD SHAMIM ANWER.
MY CORRECT NAME IS SYED SHAMIM ANWER AND MY DAUGHTER'S NAME IS SAYYEDA RUSHDA SHAMIM
SYED SHAMIM ANWER S/O SYED MAZHAR AHMAD R/O MOHOLLA MEHANDI BAG, NAJIBABAD



बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन


ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स

Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road,Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928